




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक

दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

वर्ष- 13, अंक - 280 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, बुधवार 27 जुलाई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-







# सीएम से लेकर मंत्री-विधायक की बल्ले-बल्ले, सबकी बढ़ेगी सैलरी

## वेतन वृद्धि को लेकर विधानसभा में चार अलग-अलग विधेयक सर्वसम्मति से पारित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री, विपक्ष के नेता, मंत्रियों और विधायकों के वेतन में वृद्धि को प्रभावित करने वाले विधायकों का एक सेट पारित किया। विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और संसदीय सचिवों के वेतन और भत्ते बढ़ाने का प्रस्ताव करने वाले विधायकों का एक और सेट भी सदन में पारित किया गया।

विधायकों के वेतन वृद्धि से संबंधित चार अलग-अलग विधेयक विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित किए गए। एक विधेयक के अनुसार, वृद्धि के बाद मुख्यमंत्री का वेतन मौजूदा 1.35 लाख रुपये से बढ़कर 2.05 लाख रुपये प्रतिमाह हो जाएगा, जबकि मंत्रियों का वेतन 1.30 लाख रुपये से बढ़कर 1.90 लाख रुपये हो जाएगा।

### संसदीय सचिव का प्रतिमाह 1.75 लाख रुपये वेतन होगा

छत्तीसगढ़ कैबिनेट में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत तेरह मंत्री हैं। संसदीय सचिवों को प्रतिमाह 1.75 लाख रुपये मिलेंगे जो पहले 1.21 लाख रुपये था। बघेल सरकार में 15 संसदीय सचिव हैं। एक अन्य विधेयक में कहा गया है कि अध्यक्ष का वेतन 1.32 लाख रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1.95 लाख रुपये किया जाएगा जबकि उपाध्यक्ष को 1.28 लाख रुपये प्रतिमाह की जगह 1.80 लाख रुपये मिलेंगे। इसी तरह विपक्ष के जिन नेताओं के पास कैबिनेट रैंक है, उनको 1.90 लाख रुपये प्रतिमाह मिलेगा, जो कि वर्तमान में 1.30 लाख रुपये प्रतिमाह है।

### विधायक को प्रतिमाह मिलेगा 1.60 लाख रुपये का वेतन

एक विधायक को मौजूदा 1.10 लाख रुपये की जगह अब 1.60 लाख रुपये प्रतिमाह का वेतन मिलेगा। वेतन वृद्धि के बाद एक विधायक को 20,000 रुपये मूल वेतन, 55,000 रुपये निर्वाचन क्षेत्र भत्ता, 10,000 रुपये टेलीफोन भत्ता और 15,000 रुपये चिकित्सा भत्ता प्रतिमाह मिलेगा। इसके अलावा विधायकों को 2,000 रुपये दैनिक भत्ता मिलेगा। विधायकों को दिए जाने वाले 15,000 रुपये प्रतिमाह के अर्दली भत्ते में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, वेतन और भत्तों में वृद्धि से राज्य के खजाने पर लगभग 6.81 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वार्षिक बोझ पड़ने की संभावना है।

## खास खबर...

### कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ गोलाबारी में सेना का जवान घायल

**जम्मू ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान दो से तीन आतंकियों की मौजूदगी होने की बात सामने आई। गोलाबारी में सेना का एक जवान घायल हो गया है। उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। कुलगाम जिले के ब्रयीहार्ड कठपोरा में आतंकियों की सूचना के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। घेरा सख्त होता देख आतंकियों ने सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम पर फायरिंग कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जबावी कार्रवाई की। इस दौरान सेना का एक जवान गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों की तलाश की जा रही है। संयुक्त टीम पूरे इलाके में ऑपरेशन चला रही है जिससे आतंकी पकड़े जाएं।

### एकनाथ शिंदे ने जन्मदिन पर भी उद्धव ठाकरे को दिया बड़ा झटका छीन लिया जिलाध्यक्ष

**मुंबई ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अपने पुराने बॉस को लगातार झटका दे रहे हैं। पहले उनसे सीएम की कुर्सी छीन ली और अब पार्टी में भी लगातार सेंधमारी कर रहे हैं। शिंदे के द्वारा झटका देने का सिलसिला उद्धव ठाकरे के जन्मदिन के दिन भी जारी रहा। आज शिवसेना के कई नेता और पदाधिकारियों ने शिंदे खेमे को अपना समर्थन दिया है। इनमें सतारा जिलाध्यक्ष चंद्रकांत जाधव भी शामिल हैं।

एकनाथ शिंदे को अपना समर्थन देते हुए उन्होंने कहा कि मैं शिवसेना में हूं और पार्टी नहीं छोड़ा हूं। जाधव ने कहा कि शिंदे सतारा जिले के बेटे हैं। मैं विकास कार्यों के लिए उनका समर्थन कर रहा हूं। पिछले महीने विधान परिषद के चुनाव हुए थे। उसके बाद शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे पार्टी और निर्दलीय विधायकों के साथ गुवाहाटी गए। उसके बाद उन्होंने भाजपा के साथ मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस घटनाक्रम के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को शिवसेना नेताओं का लगातार समर्थन मिल रहा है। हाल ही में एक दर्जन सांसदों ने शिंदे गुट में भरोसा जताया और लोकसभा में नया नेता चुना।

#### विधानसभा में गूंजा हसदेव अरण्य मामला

# विधायक ने कहा एनओसी रद्द कर दीजिए, केन्द्र से टकराना है तो टकराइए



**रायपुर ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंगलवार को जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के विधायक धर्मजीत सिंह ने हसदेव अरण्य क्षेत्र में आबंटित कोल ब्लॉक रद्द करने अशासकीय संकल्प लाया। सीएम भूपेश बघेल ने अशासकीय संकल्प पर सहमति जताई, जिसके बाद अशासकीय संकल्प सर्वसम्मति से सदन में पारित हुआ। सीएम भूपेश ने कहा कि कोयला आबंटन केंद्र सरकार करती है। इस पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि सदन में आप एनओसी रद्द करने की घोषणा कर दीजिए। विधायक धर्मजीत ने कहा कि केंद्र से टकराना है तो टकराइए, लेकिन खनन रोकिए। छत्तीसगढ़ की वन संपदा, खनिज संपदा की रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है। कोल ब्लॉक में इंग्लैंड और पोलेंड की मशीनें आ गई है, इसे रोका नहीं गया तो जंगल मैदान बन जाएगा।

विधानसभा में विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 57 हजार मिलियन टन का कोल भंडार है। 50 साल में भी 25 फीसदी ही खनन किया जा सकता है। हसदेव से लगे मदनपुर, हरिहरपुर में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आए थे। उन्होंने कहा था कि वह खुद आदिवासियों की लड़ाई लड़ेंगे, लेकिन इसी मदनपुर की ढाई सौ एकड़ जमीन कोल ब्लॉक में आ गया है। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि वर्तमान में ऊर्जा उत्पादन का मुख्य स्त्रोत कोयला है। प्रदेश सरकार सदन में प्रस्तुत अशासकीय संकल्प का समर्थन करती है। बता दें कि हसदेव अरण्य क्षेत्र में कोयला खनन के लिए वर्तमान में स्वीकृत परसा ईस्ट एवं केते बासेन कोयला खदान के लिए लगभग 2,22,921 वृक्ष एवं परसा कोयला खदान के लिए लगभग 99,107 वृक्षों की कटाई होनी है।

### कोल ब्लॉक दिए जाने से मानव हाथी संघर्ष बढ़ेगा

सीएम भूपेश ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने 1995 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में लेमरु एलिगेंट रिजर्व घोषित किया है। उससे जुड़े कोल ब्लॉक में रोक लगाने की मांग केंद्र से की गई है। इस पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि कोल ब्लॉक दिए जाने से मानव हाथी संघर्ष बढ़ेगा। भूमि अधिग्रहण का काम केंद्र और राज्य मिलकर कर रहे हैं। सभी दलों के लोग हरिहरपुर चलकर देखे। सभी को लगेगा कि जंगल कट जाना चाहिए, तब मैं भी कहूंगा कि हां कटने दीजिये। इतना खूबसूरत जंगल देखकर आंख से आंसू निकल जाएंगे। जंगल काटकर वहां कोल ब्लॉक शुरू किया जाएगा तो भारी क्षति होगी।

#### मनी लॉड्रिंग एक्ट, सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# गिरफ्तारी, छापेमारी, समन समेत ईडी के सभी अधिकार सही



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से दर्ज केस में फंसे लोगों को झटका देते हुए कोर्ट ने पीएमएलए कानून के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि 2018 में कानून में किए गए संशोधन सही हैं। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सभी अधिकारों को बरकरार रखा है।

सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी, रेड, समन, बयान समेत पीएमएलए एक्ट में ईडी को दिए गए सभी अधिकारों को सही ठहराया है। कोर्ट ने कहा है कि प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) को एफआईआर के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है। ईसीआईआर की कॉपी आरोपी को देना जरूरी नहीं है। गिरफ्तारी के दौरान कारणों का खुलासा करना ही काफी है। कोर्ट ने कहा है कि ईडी के सामने दिया गया बयान ही सबूत है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में पीएमएलए के कई प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देते हुए 100 से ज्यादा याचिकाएं दायर की गई थीं। इसमें ईडी की शक्तियों, गिरफ्तारी के अधिकार, गवाहों को समन व संपत्ति जब्त करने के तरीके और जमानत प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी। याचिकाएं कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम, एनसीपी नेता अनिल देशमुख व अन्य की ओर से दायर की गई थीं।

### सीआरपीसी का पालन करने के लिए बाध्य हो एजेंसी

याचिकाओं में कहा गया था कि पीएमएलए कानून के तहत गिरफ्तारी, जमानत, संपत्ति की जब्ती का अधिकार सीआरपीसी के दायरे से बाहर हैं। इस कानून के कई प्रावधान असैंवधानिक हैं, क्योंकि संज्ञेय अपराध की जांच और ट्रायल के बारे में दी गई प्रक्रिया का पालन नहीं किया जाता है। याचिकाओं में कहा गया कि जांच एजेंसी को जांच करते समय सीआरपीसी का पालन करने के लिए बाध्य होना चाहिए। इस मामले में वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी समेत कई वकीलों ने अपना पक्ष रखा था।

### 17 साल में सिर्फ 23 ठहराए गए हैं दोषी

केंद्र सरकार ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि पीएमएलए कानून 17 साल पहले लागू हुआ था। तब से अब तक इस कानून के तहत 5,422 मामले दर्ज किए गए हैं। जबकि, सिर्फ 23 लोगों को ही दोषी ठहराया गया है। 31 मार्च तक ईडी ने एक लाख करोड़ से ज्यादा की संपत्ति अटैच की है और 992 मामलों में चार्जशीट दायर की है।

### राजस्थान को आबंटित किया गया है कोल ब्लॉक

बता दें कि हसदेव अरण्य में कोल ब्लॉक एक्सटेंशन किया जा रहा है। राजस्थान की विद्युत कंपनी को कोल ब्लॉक का आवंटन किया गया है। कोल ब्लॉक की एनओसी लंबे समय तक अटकी थी। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत छत्तीसगढ़ आए थे, जिसके बाद वन विभाग द्वारा एनओसी जारी की गई थी। एनओसी जारी होने के बाद देशभर में कोल ब्लॉक का विरोध हो रहा है। मंत्री टीएस सिंहदेव ने कोल ब्लॉक का विरोध था, जिसके बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा था कि महाराजा साहब चाहेंगे तो पेड़ क्या एक डहनी भी कटने नहीं देंगे। वहीं राजस्थान की बिजली कंपनी के एमडी विगत दिनों छत्तीसगढ़ आए थे। उन्होंने मुख्य सचिव और कलेक्टरों से मिलकर खनन का कम शीघ्र शुरू कराने का आग्रह किया था। हसदेव अरण्य का मामला हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंच चुका है। वहीं हसदेव के जंगलों को बचाने के लिए हसदेव बचाओ अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

# क्रिकेटः भारत में होगा महिला विश्व कप 2025, चार साल के अंदर एशिया में तीन आईसीसी टूर्नामेंट

**बर्मिंघम ( एजेंसी )।** आईसीसी ने 2024 से लेकर 2027 तक के लिए सभी बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी तय कर दी है। बर्मिंघम में आईसीसी की सालाना कॉन्फ्रेंस में मेजबान देशों के नाम पर आखिरी मुहर लगाई गई। आईसीसी ने बताया है कि चार सालों में महिला टीमों के चार बड़े टूर्नामेंट होंगे, जिनकी शुरुआत आईसीसी महिला विश्व कप 2024 से होगी। इसकी मेजबानी बांग्लादेश के पास है। यह पहला मौका है, जब बांग्लादेश आईसीसी के किसी बड़े महिला टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है और दूसरी बार यह देश टी20 विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। सितंबर और अक्तूबर के महीने में होने वाले इस टूर्नामेंट में 10 टीमों के बीच कुल 23 मैच होंगे।



### 2025 विश्व कप की मेजबानी भारत के पास

साल 2025 में होने वाले महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी भारत को दी गई है। भारत पांचवीं बार आईसीसी के किसी महिला टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। इससे पहले भी भारत चार बार आईसीसी महिला विश्व कप की मेजबानी कर चुका है। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग लेंगी और कुल 31 मैच होंगे।

### 2026 टी20 विश्व कप इंग्लैंड में होगा

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 की मेजबानी इंग्लैंड के पास है। जून के महीने में होने वाले इस टूर्नामेंट में टीमों की संख्या 10 से बढ़कर 12 हो जाएगी और कुल 33 मैच खेले जाएंगे। यह पहला मौका होगा, जब महिला टी20 विश्व कप इंग्लैंड में खेला जाएगा। इस पर खुशी जताते हुए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के सीईओ क्लायर कॉनर ने कहा कि 2017 में इंग्लैंड को महिला विश्व कप की मेजबानी मिली थी और इंग्लैंड की टीम चैंपियन बनी थी। फाइनल मैच में लॉर्ड्स दर्शकों से खचाखच भार हुआ था और ऐसे पल में हीदर नाइट का ट्राफी उठाना मैं नहीं भूल सकता।

### श्रीलंका से शुरू होगी महिला चैंपियंस ट्रॉफी

साल 2026 में पहली बार महिला चैंपियंस ट्रॉफी खेली जाएगी। यह टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में होगा। फरवरी के महीने में होने वाले इस टूर्नामेंट में छह टीमों के बीच कुल 16 मैच होंगे। इसके साथ ही यह भी बताया गया है कि इसी साल नवंबर के महीने में आईसीसी चेयरमैन के चुनाव होंगे।

# कोरोना के 640 नए मरीज मिले, एक की मौत, पॉजिटिविटी दर 5 प्रतिशत से ऊपर, 10.25 लाख ने लगवाए प्रिकॉशन डोज

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार ने राज्य सरकार की चिंता बढ़ा दी है। मंगलवार को प्रदेश में 640 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 3919 पहुंच गई है। सबसे ज्यादा 742 रायपुर व 528 एक्टिव केस दुर्ग जिले में हैं। कोरोना से दुर्ग जिले में 1 की मौत भी हुई है। राज्य शासन ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए राज्य की सीमाओं और सभी एयरपोर्ट पर कोविड जांच अनिवार्य किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक पिछले 10 दिनों में 10.25 लाख लोगों को कोरोना से बचाव के लिए प्रिकॉशन डोज लगाए गए हैं।

राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के मुताबिक मंगलवार को 12 हजार 394 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 640 नए संक्रमित मिले हैं। रायपुर में जिले में सबसे ज्यादा 224 मरीजों की पुष्टि हुई है। पिछले 24 घंटे में 596 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है। वहीं 14 लोग हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हुए हैं। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 5.16 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ में कोरोना से अब तक 14 हजार 59 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं अब तक 11 लाख 63 हजार 771 लोग संक्रमित हो चुके हैं। पूरे प्रदेश में दुर्ग, रायपुर व राजनांदगांव जिले में सबसे ज्यादा मरीज मिल रहे हैं।

### प्रदेश के इन जिलों में मिले कोरोना के मरीज

24 घंटे में प्रदेश के 26 जिलों में कोरोना के 640 नए मरीज मिले हैं। रायपुर जिले में 224, दुर्ग में 55, राजनांदगांव में 47, बिलासपुर में 36, महासमुंद में 35, बलौदाबाजार में 33, कोरबा में 26, जशपुर में 25, धमतरी व बालोद में 22-22, बस्तर में 20, बेमेतरा में 14, कबीरधाम में 11, जांजगीर-चांपा व रायगढ़ में 10-10, कांकेर व सरगुजा में 9-9, कोरिया में 7, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 6, बलरामपुर व सूरजपुर में 5-5, मुंगेली में 3, दंतेवाड़ा व कोंडागांव में 2-2, गरियाबंद व बीजापुर में 1-1 मरीज मिले हैं।

# चिलम न हुक्का, गांजे पर लट्टमलट्टा

दीपक रंजन दास






'सूत न कपास जुलाहों में लट्ठम लट्ठा' की कहावत इन दिनों छत्तीसगढ़ में चरितार्थ हो रही है। प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि सरकार को शराब की जगह भांग और गांजा को बढ़ावा देना चाहिए। शराब पीने से हत्या और बलात्कार के मामले बढ़े हैं, गांजा-भांग पीने वाले ऐसा नहीं करते। मस्तूरी विधायक डॉ. बांधी ने यह बात मध्यप्रदेश के अमरकंटक में चल रहे फ्लू फेस्टिवल में कही। पेशे से चिकित्सक डॉ बांधी ने कहा कि शराब के कारण बलात्कार, हत्या और झगड़े की प्रवृत्ति बढ़ रही है। शराब बंदी के लिए समितियों को चाहिए कि लोगों को अगर नशा चाहिए, तो ऐसा नशा दो जिसमें हत्याएं न हों, बलात्कार न हों, लड़ाई-झगड़ा न हो। दरअसल डॉ बांधी ने ज्यादा गलत नहीं कहा है। उनसे पहले कांग्रेस के दिग्गज नेता शशि थरूर भांग को भारत में वैध किए जाने की पैरवी कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि भांग की पैदावार, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय का नियमन कर सरकार इससे मोटी कमाई कर सकती है। औषधि बाजार में भी भांग की जबरदस्त मांग है जिसका लाभ देश को मिल सकता है। बीजू जनता दल (ओडीशा) के तथागत सतपथी 2015 से गांजा-भांग को वैध करने की मांग कर रहे हैं। उनका मानना है कि सिगरेट और शराब लॉबी ने मिलकर इसे अवैध घोषित करवाया ताकि नशे के बाजार पर उनका एकछत्र राज रहे। जबकि गांजा और भांग की तुलना में सिगरेट और शराब कहीं ज्यादा खतरनाक हैं। हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल एक हलफनामे में स्वयं केन्द्र सरकार ने कहा है कि गांजा-भांग देश में पूर्ण प्रतिबंध नहीं है। इसका उत्पादन वैज्ञानिक, चिकित्सकीय, औद्योगिक एवं उद्यानिकी के लिए विशेष अनुमति के साथ किया जा सकता है। पर जैसा की हमेशा होता है, पक्ष-विपक्ष एक दूसरे की बात काटने के लिए पैदा किये गये हैं। मीडिया का एक हिस्सा बिना तथ्यों की तह तक गए नेताओं पर लेबल चस्पा कर देता है। मीडिया कह रहा है कि एक नेता (बांधी) तब ऐसा कह रहा है जब गांजा पर पूरे देश में प्रतिबंध है। भाई साहब! प्रतिबंध है भी तो नेताओं के लगाए ही है, और हटेगा भी तो उन्हीं की कोशिशों से। ऐसे में वह न तो बोले तो कौन बोले? वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व स्वास्थ्यमंत्री के बयान पर सिर्फ इतना ही कहा कि उन्हें यह प्रस्ताव केन्द्र सरकार के समक्ष रखना चाहिए क्योंकि प्रतिबंध केन्द्र ने लगाया है। वैसे मुख्यमंत्री यह भी कहते हैं कि नशा किसी भी रूप में हो, वह खराब ही होता है। इस बीच दोनों दलों के ठल्हे नेताओं को बैठे-बिठाए नया मुद्दा मिल गया है और एक दूसरे पर खूब हमले किये जा रहे हैं। शराब बंदी का घोषणापत्र धूल फांक रहा है।




## संपादकीय

# उम्मीद से खिलवाड़

इन दिनों हम सबसे ज्यादा उम्मीदें अपने खिलाड़ियों से बांधते हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा नौजवानों वाला देश खेल प्रतिस्पर्द्धाओं में पीछे रह जाए, इसे हम सहज स्वीकार नहीं कर पाते। इसलिए यह उम्मीद बांधी जाती है कि हमारी सरकारें, हमारे खेल संगठन आगे आने वाले खिलाड़ियों को हर मुमकिन मदद देंगे। सरकारें भी कोई कसर न छोड़ने के संकल्प लेती दिखाई देती हैं। लेकिन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को जिस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वह बताता है कि ये संकल्प जमीन पर पहुंचने से पहले ही किस तरह दम तोड़ देते हैं और खिलाड़ियों के सपने किस तरह नौकरशाही के जाल में फंसकर रह जाते हैं। राष्ट्रमंडल खेल लगभग शुरू ही होने वाले हैं और लवलीना का नाम उन कुछ खिलाड़ियों में है, जिनसे देश स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद कर रहा है। लवलीना ने ट्वीट करके बताया है कि उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्हें अपने निजी कोच से प्रशिक्षण लेने नहीं दिया जा रहा। उनके एक कोच को भारत वापस भेज दिया गया है और दूसरी कोच, जो द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता हैं, उन्हें खेल गांव के अंदर नहीं आने दिया जा रहा, क्योंकि उन्हें अभी तक मान्यता कार्ड ही नहीं मिला। लवलीना के ट्वीट का असर यह जरूर हुआ है कि खेल मंत्रालय तक के कान खड़े हुए हैं और मान्यता कार्ड वगैरह जल्द दिए जाने के आदेश जारी हो गए हैं, वरना बॉक्सिंग एसोसिएशन तो नियमों का हवाला देकर अपनी असमर्थता जता रहा था।

> “ इसका अर्थ यही है कि हमारे खेल तंत्र में ऐसी पुख्ता व्यवस्था नहीं है, जहां उपलब्धियों वाले और संभावनाशील खिलाड़ियों की सुनवाई हो सके। अपने ट्वीट में लवलीना ने यह भी कहा है कि वह हाथ जोड़कर कह रही हैं, लेकिन कोई उनकी बात सुन ही नहीं रहा। जब तक हम देश में ऐसा खेल तंत्र नहीं बना लेते, जो खिलाड़ियों की बात पूरी हमदर्दी से सुने और उन्हें समाधान दे, तब तक अंतरराष्ट्रीय खेलों में उनके प्रदर्शन पर उंगली उठाने का कोई अर्थ नहीं।

लवलीना ऐसी पहली खिलाड़ी नहीं हैं, जिन्होंने इस तरह की शिकायत की हो। शिकायतें पहले भी आती रही हैं और ऐसी शिकायतें करने वालों में कई बड़े नाम भी रहे हैं। लेकिन जिस तरह से लवलीना ने इस मामले को ठीक स्पर्द्धा के वक्त देश के सामने उठाया है, उसने खेल प्रशासकों के लिए परेशानी तो खड़ी कर ही दी है। लवलीना वास्तव में इस दौर की एक प्रतिनिधि खिलाड़ी हैं। वह असम के एक बहुत कम चर्चा में रहने वाले जिले गोलाघाट के ऐसे निम्न मध्यवर्गीय परिवार में पली-बढ़ी हैं, जहां अभी तक लोग इतनी बड़ी कामयाबी के सपने भी नहीं देख पाते थे। ऐसी पृष्ठभूमि में रहते हुए उन्होंने ओलंपिक पदक जीतने का जो जज्बा अपने भीतर पैदा किया और उसके लिए जो मेहनत की, उसके लिए पूरा देश हमेशा लवलीना बोरगोहेन का कृतज्ञ रहेगा। सच तो यह है कि पिछले कुछ साल में दुनिया भर में नाम कमाने वाले हमारे ज्यादातर खिलाड़ी ऐसी ही पृष्ठभूमि के हैं। ये खिलाड़ी जब देश के लिए पदक जीतते हैं, तब उन्हें हर तरह की मदद देने की घोषणाएं की जाती हैं। लेकिन असलियत में उनके साथ क्या होता है, यह लवलीना के एक ट्वीट ने जगजाहिर कर दिया है। शिकायत के लिए लवलीना को ट्विटर का सहारा लेना पड़ा, यह भी अपने आप में बहुत कुछ कहता है। इसका अर्थ यही है कि हमारे खेल तंत्र में ऐसी पुख्ता व्यवस्था नहीं है, जहां उपलब्धियों वाले और संभावनाशील खिलाड़ियों की सुनवाई हो सके। अपने ट्वीट में लवलीना ने यह भी कहा है कि वह हाथ जोड़कर कह रही हैं, लेकिन कोई उनकी बात सुन ही नहीं रहा। जब तक हम देश में ऐसा खेल तंत्र नहीं बना लेते, जो खिलाड़ियों की बात पूरी हमदर्दी से सुने और उन्हें समाधान दे, तब तक अंतरराष्ट्रीय खेलों में उनके प्रदर्शन पर उंगली उठाने का कोई अर्थ नहीं।

# फिर आ गए रनिल विक्रमसिंघ

श्रीलंका के राष्ट्रपति-चुनाव में रनिल विक्रमसिंघ की विजय पर उनके दोनों प्रतिद्वंदी तो चुप हैं लेकिन उनके विरुद्ध राजधानी कोलंबो में प्रदर्शन होने शुरु हो गए हैं। आम तौर पर गणित यह था कि राजपक्ष-परिवार की सत्तारुढ़ पार्टी के नाराज़ सदस्य रनिल के विरुद्ध वोट देंगे और संसद किसी अन्य नेता को राष्ट्रपति के पद पर आसीन कर देगी लेकिन रनिल को स्पष्ट बहुमत मिल गया है।

इसका अर्थ यही है कि एक तो सत्तारुढ़ दल में दरार जरुर पड़ी है लेकिन वह इतनी चौड़ी नहीं हुई कि पार्टी-उम्मीदवार उसमें डूब जाए और दूसरा यह कि प्रधानमंत्री रहते हुए रनिल विक्रमसिंघ ने पिछले कुछ हफ्तों में ही भारत और अनेक अंतरराष्ट्रीय संगठनों को इतना प्रेरित कर दिया था कि श्रीलंका को अरबों रु. की मदद आने लगी थी। वैसे भी रनिल छह बार श्रीलंका के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। इतने अनुभवी नेता अब राष्ट्रपति बनने पर शायद श्रीलंका को वर्तमान संकट से उबार ले जाएं।

इसी विश्वास ने उन्हें जिताया है लेकिन उनका आगे का रास्ता बहुत ही कंटकाकीर्ण है। एक तो श्रीलंका की सारी बागी जनता मानकर चल रही है कि वे राजपक्ष परिवार के भक्त हैं। वे उनके कहे मुताबिक ही काम करेंगे। इसीलिए अब जनता का गुस्सा पहले से भी अधिक तीव्र होगा। जो नेता उनसे हारे हैं, वे जनता को भड़काए बिना नहीं रहेंगे हालांकि उन्होंने अपनी हार को विनम्रतापूर्वक स्वीकार कर लिया है। यह तो बिल्कुल स्पष्ट है कि यदि राष्ट्रपति के चुनाव में श्रीलंका की जनता मतदाता होती तो रनिल विक्रमसिंघ की जमानत जब्त हो जाती।

अब देखना यही है कि विक्रमसिंघ श्रीलंका की वर्तमान समस्याओं का हल कैसे निकालते हैं और जनता के क्रोध को कैसे शांत करते हैं। पता नहीं कि वे अब प्रधानमंत्री किसे बनाएंगे? यदि इस वक्त वे किसी विपक्षी नेता, जैसे सजित प्रेमदास को प्रधानमंत्री बना दें तो शायद उन्हें राजनीतिक तूफानों का सामना कम ही करना पड़ेगा। सजित ने राष्ट्रपति के चुनाव से अपना नाम भी वापिस ले लिया था।

यदि ऐसा हो सके तो श्रीलंका में एक सर्वदलीय और सर्वसमावेशी मंत्रिमंडल बन सकता है, जो कि आम विरोध को भी शांत कर सकेगा और वर्तमान संकट का समाधान भी खोज सकता है। जहां तक भारत का सवाल है, राष्ट्रपति के इस चुनाव में भारत की भूमिका सर्वथा निष्पक्ष रही है। उसने अब तक लगभग चार बिलियन डॉलर की मदद श्रीलंका को दे दी है और वह अभी भी अपने इस निकट पड़ौसी राष्ट्र को संकट से उबारने के लिए कृतसंकल्प है।

**वेद प्रताप वैदिक**

> “ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम-स्वराज का सपना अब आत्मनिर्भर गांवों के रूप में छत्तीसगढ़ में साकार हो रहा है। छत्तीसगढ़ में परंपराओं को सहेजते हुए उसे आधुनिक जरूरतों के अनुसार ढालने की जो शुरूआत की गई है, उसे जरूरत है सबके सहयोग से आगे बढ़ाने की। प्रकृति से जुड़कर पर्यावरण अनुकूल विकास की दिशा में आगे बढ़ने का हमारा यह कदम बेहतर कल के लिए सर्वोत्तम योगदान होगा।

# प्रकृति के प्रति प्रेम और समर्पण का लोकपर्व: हरेली

### छत्तीसगढ़ में जैविक खेती और आर्थिक सशक्तिकरण का नया अध्याय

सुश्री रीनू ठाकुर, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण जन-जीवन में रचा-बसा खेती-किसानी से जुड़ा पहला त्यौहार है, हरेली। सावन मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला यह त्यौहार वास्तव में प्रकृति के प्रति प्रेम और समर्पण का लोकपर्व है। हरेली के दिन किसान अच्छी फसल की कामना के साथ धरती माता का सभी प्राणियों के भरण-पोषण के लिए आभार व्यक्त करते हैं। सभी लोग बारिश के आगमन के साथ चारो ओर बिखरी हरियाली और नई फसल का उत्साह से स्वागत करते हैं।

हरेली पर्व को छोटे से बड़े तक सभी उत्साह और उमंग से मनाते हैं। गांवों में हरेली के दिन नागर, गैती, कुदाली, फावड़ा समेत खेती-किसानी से जुड़े सभी औजारों, खेतों और गोधन की पूजा की जाती है। सभी घरों में चीला, गुलगुल भजिया का प्रसाद बनाया जाता है। पूजा-अर्चना के बाद गांव के चौक-चौराहों में लोगों को जुटना शुरू हो जाता है। यहां गेड़ी दौड़, नारियल फेक, मटकी फोड़, रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएं देर तक चलती रहती हैं। लोग पारंपरिक तरीके से गेड़ी चढ़कर खुशियां मनाते हैं। माना जाता है कि बरसात के दिनों में पानी और कीचड़ से बचने के लिए गेड़ी चढ़ने का प्रचलन रहा है, जो समय के साथ परम्परा में परिवर्तित हो गया। इस अवसर पर किया जाने वाला गेड़ी लोक नृत्य भी छत्तीसगढ़ की पुरातन संस्कृति का अहम हिस्सा रहा है। हरेली में लोहारों द्वारा घर के मुख्य दरवाजे पर कील ठोककर और नीम की पत्तियां लगाने का रिवाज है। मान्यता है कि इससे घर-परिवार अनिष्ट से बचे रहते हैं।



छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर माटी से जुड़ी अपनी गौरवशाली संस्कृति और परम्परा को सहेजने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने की पहल की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री निवास सहित पूरे राज्य में लोकपर्वों के धूम-धाम से सार्वजनिक आयोजन कर इसकी शुरूआत की है। इससे नई पीढ़ी के युवा भी अपनी पुरातन परम्पराओं से जुड़ने लगे हैं। सरकार ने हरेली त्यौहार के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस साल से प्रदेश के स्कूलों में हरेली तिहार को विशेष रूप से मनाने की शुरूआत की जा रही है। इससे बच्चे न सिर्फ अपनी कृषि संस्कृति को समझेंगे, उसका सक्रिय हिस्सा बनेंगे बल्कि अपनी संस्कृति के मूल भाव को आत्मसात भी कर सकेंगे। साथ ही स्कूलों में गेड़ी दौड़, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण पर संगोष्ठी जैसे आयोजनों से बच्चों में अपनी संस्कृति और प्रकृति के प्रति प्रेम विकसित होगा।

छत्तीसगढ़ में पारंपरिक लोक मूल्यों को सहेजते हुए गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पारंपरिक संसाधनों के उपयोग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है। इसके चलते राज्य सरकार ने दो साल पहले सन् 2020 में हरेली के दिन 'गो-धन न्याय योजना' शुरू की थी। शुरूआत में किसी ने कल्पना नहीं की थी, कि गोबर खरीदी की यह योजना गांवों की अर्थव्यवस्था के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगी। आज यह ग्रामीण अंचल की बेहद लोकप्रिय योजना साबित हुई है। इस अनूठी योजना के तहत सरकार ने गोबर को ग्रामीणों की आय का नया जरिया बनाया और किसानों और पशुपालकों से दो रूपए की दर से गोबर खरीदी शुरू की। पशुपालक ग्रामीणों ने गोबर बेचकर पिछले दो सालों में 150 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई की है। खरीदे गए गोबर से गौठानों में स्व-सहायता समूहों ने 20 लाख क्विंटल से अधिक वर्मी कम्पोस्ट तैयार किया है, जिससे प्रदेश में जैविक खेती को बढ़ावा मिल रहा है। अब तक महिला समूह और गौठान समितियां 143 करोड़ से अधिक की राशि वर्मी खाद के निर्माण और विक्रय से प्राप्त कर चुकी हैं। इसके साथ ही गौठानों में गोबर से दिए, गमले सहित विभिन्न सजावटी समान बनाने से स्थानीय महिलाओं को रोजगार का नया साधन मिला है।


गोधन न्याय योजना को विस्तार देते हुए राज्य सरकार इस साल हरेली तिहार से गौठानों में 4 रूपए प्रति लीटर की दर से गो-मूत्र की खरीदी की शुरूआत करने जा रही है। इस गो-मूत्र से महिला स्व-सहायता समूह द्वारा जीवामृत और कीट नियंत्रक उत्पाद तैयार किये जाएंगे। इससे रोजगार और आय का नया जरिया मिलने के साथ जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा और कृषि लागत कम होगी। गौ-मूत्र से बने कीट नियंत्रक उत्पाद का उपयोग किसान भाई रासायनिक कीटनाशक के बदले कर सकेंगे, जिससे खाद्यान्न की विषाक्तता में कमी आएगी और महंगे रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भरता कम होगी। इन नवाचारों ने हरेली को प्रदेश में जैविक खेती और आर्थिक सशक्तिकरण के नए अध्यायों का प्रतीक बना दिया है। इससे लगता है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम-स्वराज का सपना अब आत्मनिर्भर गांवों के रूप में छत्तीसगढ़ में साकार हो रहा है। छत्तीसगढ़ में परंपराओं को सहेजते हुए उसे आधुनिक जरूरतों के अनुसार ढालने की जो शुरूआत की गई है, उसे जरूरत है सबके सहयोग से आगे बढ़ाने की। प्रकृति से जुड़कर पर्यावरण अनुकूल विकास की दिशा में आगे बढ़ने का हमारा यह कदम बेहतर कल के लिए सर्वोत्तम योगदान होगा।

# ताकि भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग को नई ऊंचाई दे सकें

फ्रैंक एफइस्लाम, अमेरिकावासी उद्यमी

बीती 14 जुलाई को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा 'हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स' ने अपने 'नेशनल डिफेंस ऑथराइजेशन ऐक्ट' (एनडीएए) में एक संशोधन पारित किया, जो भारत-अमेरिकी रक्षा साझेदारी को मजबूती देने वाला है। यह संशोधन 'काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस ऐक्ट (सीएएटीएसए) के तहत आयद प्रतिबंधों से भारत को छूट देने का प्रस्ताव करता है। दरअसल, रूस, ईरान या उत्तर कोरिया के साथ रक्षा लेन-देन करने वाले देशों को अमेरिका इस कानून के तहत दंडित करता है।

कैलिफोर्निया से भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेट प्रतिनिधि रो खन्ना ने यह संशोधन प्रस्ताव रखा था। अब इसे सीनेट की मंजूरी और जो बाइडन के दस्तखत की दरकार है। यदि यह कानून बन जाता है, तो रूस के साथ हथियार प्रणाली संबंध रखने को लेकर भारत को 'संक्रमण अवधि' के लिए अमेरिकी प्रतिबंधों से छूट मिल जाएगी। यह अवधि महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह अमेरिका के साथ भारत के बढ़ते गठजोड़ और बदलती विश्व-व्यवस्था में नई दिल्ली की मौजूदा व भविष्य की जरूरतों को पहचानती है। साल 2017 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर से साथ 'सीएएटीएसए' वजूद में आया था। अमेरिकी कांग्रेस में जब इस पर चर्चा हो रही थी, लगभग उसी समय भारत पांच एस-400 ट्रायंफ वायु रक्षा प्रणालियों की खरीद के लिए 5.4 बिलियन डॉलर के एक सौदे पर रूस से बातचीत कर रहा था। रूस और भारत ने अक्तूबर 2018 में इस करार को अंतिम रूप दिया। पर ट्रंप और बाइडन प्रशासन ने रूस-भारत संबंधों की ऐतिहासिक प्रकृति को देखते हुए भारत के लिए सीएएटीएसए को अपवाद बनाए रखा।



इस सबके बावजूद रूस के साथ भारत के रक्षा संबंध वाशिंगटन के लिए चिंता का विषय रहे हैं। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद से भारत-रूस सैन्य संबंधों पर अमेरिका की निगाह कहीं ज्यादा पैनी हो गई है। निंदा करने वालों में रो खन्ना भी शामिल थे। इसके ठीक चार महीने बाद उनका यह संशोधन इस बात पर प्रकाश डालता है कि भारत के लिए दूरदर्शिता भरा रास्ता यही है, वह अमेरिका व रूस, दोनों से हथियार खरीदने में सक्षम हो और समय के साथ अमेरिका की ओर बढ़े। अपनी ज्यादातर सैन्य जरूरतों के लिए रूस पर भारत की निर्भरता एक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा चुनौती बन गई है। चूंकि पश्चिम के ज्यादातर देश रूस से कन्नी काटने लगे हैं, ऐसे में मॉस्को बीजिंग के और अधिक करीब आ गया है। भारत-चीन संघर्ष की स्थिति में रूस भारत की तरफ से हस्तक्षेप करेगा, इसमें संदेह ही है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में रूसी हथियारों पर भारत की निर्भरता कम हुई है, फिर भी जब हथियार खरीद की बात आती है, तो नई दिल्ली ज्यादातर करार मॉस्को से ही करती है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के मुताबिक, भारत ने साल 2011 से 2022 के बीच रूस से लगभग 23 बिलियन डॉलर के हथियार खरीदे, जो उसकी कुल रक्षा खरीद का करीब 60 प्रतिशत हिस्सा था। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र और उभरते विश्व नेता का अपनी अधिकांश रक्षा जरूरतों के लिए एक गैर-लोकतांत्रिक राष्ट्र पर लगातार निर्भर बने रहना दूरदर्शितापूर्ण नहीं है। इससे भी अहम बात यह है कि अतीत में रूसी हथियार भले उपयोगी साबित हुए हों, पर अब ऐसा माना जाता है कि तकनीकी रूप से अमेरिकी व अन्य पश्चिमी रक्षा प्रणालियों से उनका कोई मुकाबला नहीं है। जिस काल-अवधि में भारत ने रूस के साथ अपने रक्षा व्यापार में कटौती की, उसी कालखंड में अमेरिका के साथ उसका रक्षा सौदा बढ़ा। साल 2011 से 2022 के बीच भारत ने अमेरिका से 4.6 बिलियन डॉलर के रक्षा उपकरण मंगाए, जबकि उसके पिछले दशक में यह राशि 436 मिलियन डॉलर थी। इस बढ़ोतरी ने अमेरिका को भारत को हथियारों का दूसरा बड़ा निर्यातक बना दिया है।

कुल मिलाकर, भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी वाकई मजबूत हो रही है। रो खन्ना संशोधन इस साझेदारी को और मजबूत बनाने का एक शानदार मंच प्रदान करता है। यह संशोधन भारत को अपनी तात्कालिक सुरक्षा जरूरतों से कोई समझौता किए बिना अपनी रक्षा खरीद में विविधता लाने में सक्षम बनाएगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





लड़ों-झगड़ों कितना भी मनमुटाव करो, पर कभी भी अपनों से दूर मत हो।

-अंजली जैन
7024460938

# यूरोप को और झटका

यूरोपियन यूनियन के तहत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी हिलती दिख रही है। महंगाई और कर्ज के बढ़ते संकट के बीच इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्राघी ने दो रोज पहले इस्तीफा दे दिया।

यूरोप में जर्मनी को 30 साल में पहली बार व्यापार घाटा हुआ है। महंगाई का आलम यह है कि अब ट्रेड यूनियनें वहां हड़ताल पर जाने की धमकी दे रही हैं। बिगड़ती अर्थव्यवस्था का असर फ्रांस में दिख चुका है, जहां राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पार्टी को संसदीय चुनाव में अपना बहुमत गंवाना पड़ा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और एस्तोनिया की प्रधानमंत्री केजा कलास को हाल में इस्तीफा देना पड़ा। कलास ने नया गठबंधन बना कर फिर से सत्ता संभाली है। लेकिन देश राजनीतिक अस्थिरता में प्रवेश कर गया है। अब यूरोपियन यूनियन के तहत आने वाली तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी हिलती दिख रही है। महंगाई और कर्ज के बढ़ते संकट के बीच इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्राघी ने दो रोज पहले इस्तीफा दे दिया। 74 वर्षीय द्राघी बैंकर हैं। 2008 के वित्तीय संकट के दौरान यूरो मुद्रा को बचाने का श्रेय उन्हें दिया जाता है। साथ ही इटली में आर्थिक स्थिरता लाने का श्रेय भी उन्हें रहा है। लेकिन यूक्रेन युद्ध के बाद पैदा हुए ऊर्जा संकट के बीच द्राघी के नेतृत्व वाले गठबंधन में फूट पड़ गई है। फिलहाल इटली के राष्ट्रपति सर्गियो मातारेला ने द्राघी का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया। लेकिन राजनीतिक संकट दूर नहीं हुआ है।

द्राघी के नेतृत्व वाले गठबंधन से फाइव-स्टार पार्टी अलग हो गई है। उसने द्राघी के आर्थिक सुधार कार्यक्रम को समर्थन देने से इनकार कर दिया है। फाइव-स्टार सत्ताधारी गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी थी। मतलब यह कि अभी किसी तरह द्राघी की सरकार बच जाती है, तब भी वह स्थिर शासन नहीं दे पाएगी। बल्कि आने वाले दिनों में सत्ता संघर्ष और तेज होगा। इटली में अगले साल आम चुनाव होने हैं। इसलिए सत्तधारी गठबंधन में शामिल पार्टियां ऐसे सुधारों के साथ खड़ी नहीं दिखना चाहतीं, जिनसे आम जनता पर बोझ बढ़ेगा। अर्थशास्त्रियों ने चिंता जताई है कि आर्थिक संकट के इस वक्त में इटली में राजनीतिक अस्थिरता का बढ़ना खराब संकेत है। यूरोपियन यूनियन की मुद्रा यूरो के भाव में बीते तीन महीनों में रिकॉर्ड गिरावट आ चुकी है। इस कारण यूरो जोन में आने वाले देशों में चिंता गहरी हुई है। ये चिंता अभी और गहराने वाली है।

# केजरीवाल विवाद बढ़ा रहे हैं



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल केंद्र सरकार और भाजपा के साथ टकराव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने दिल्ली के नए उप राज्यपाल के खिलाफ मोर्चा खोला है तो केंद्र सरकार खास कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ भी मोर्चा खोला है। ऐसा लग रहा था कि नए उप राज्यपाल एनजीओ चलाने वाले रहे हैं और खुद केजरीवाल ने बरसों तक एनजीओ चलाई है तो दोनों में संबंध ठीक रहेंगे। लेकिन विनय सक्सेना के साथ पिछले उप राज्यपाल से ज्यादा संबंध खराब हो गए हैं। सक्सेना ने राज्य सरकार की शराब नीति की जांच सीबीआई को सौंप दी है। इससे केजरीवाल इतने नाराज हुए कि शुक्रवार को उप राज्यपाल के साथ होने वाली साप्ताहिक बैठक में शामिल होने नहीं गए। खराब तबियत के हवाले वे बैठक में नहीं शामिल हुए।

इसके बाद रविवार को राज्य सरकार के वन और पर्यावरण मंत्रालय के कार्यक्रम में भी वे नहीं गए। उन्होंने आरोप लगाया है कि दिल्ली पुलिस को भेज कर केंद्र सरकार ने कार्यक्रम को हाईजैक कर लिया। वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में उप राज्यपाल, मुख्यमंत्री और वन वन पर्यावरण मंत्री को शामिल होना था। इसकी होर्डिंग पर उप राज्यपाल और मुख्यमंत्री की फोटो लगी थी और वह विज्ञापन एलईडी स्क्रीन पर लगाया गया था। लेकिन कार्यक्रम से ठीक पहले एक नई होर्डिंग लाकर उस एलईडी स्क्रीन के ऊपर लगा दी गई, जिस में ऊपर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो लगी थी। इससे नाराज होकर उन्होंने कार्यक्रम का बहिष्कार किया। इससे पहले प्रेस कांफ्रेंस करके उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधा था।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

















# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




### प्रोसेसिंग प्लांट के लिए बनाए योजना

# रिसाली निगम के गौठान में अब वेटनरी व एग्रीकल्चर विभाग के अधिकारी करेंगे विजिट-कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। शहरी गौठान में शामिल नगर पालिक निगम रिसाली के नेवई स्थित गोठान में वेटनरी और एग्रीकल्चर विभाग के विशेषज्ञ सप्ताह में एक बार विजिट करेंगे। इसके लिए कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने रोटेशन में ड्यूटी लगाने के आदेश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि इससे आजीविका मिशन में जुड़ी स्वसहायता की महिला सद्स्यों को तकनीकी जानकारी मिलेगी।**



कलेक्टर ने नेवई गोठान में चल रहे मल्टीएक्टीविटी कार्यो की सराहना करते कहा कि यहां जगह पर्याप्त है। आजीविका के लिए कार्य करने वाली महिलाओं के लिए बेहतर किया जा सकता है।

उन्होंने गोठान में महिला स्वसहायता समूह द्वारा किए जा रहे कबूतर, बटेर, मुर्गी पालन, बकरी पालन, सब्जी की खेती व वर्मी खाद प्रोसेसिंग को देख आयुक्त आशीष देवांगन को निर्देश दिए कि वेटनरी, कृषि और मत्स्य विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाए और समय= पर आने वाले व्यवधान से बचने महिला सद्स्यों को जानकारी उपलब्ध कराए। विशेषज्ञों के विजिट से और बेहतर कार्य होगा। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ श्री अश्वनी देवांगन, निगम के अधिकारी व पार्षदगण उपस्थित थे।

### प्रोसेसिंग यूनिट करे तैयार

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा ने निगम आयुक्त आशीष देवांगन को निर्देश दिए कि गौठान का आकार बहूत बड़ा है। वे यहां रोका छेका के तहत लाए मवेशियों के लिए चारा की खेती करे। साथ ही प्रोसेसिंग युनिट के लिए बेहतर कार्य योजना बनाए।

### महिला समूहों से की चर्चा

कलेक्टर ने ऋण लेकर आत्मनिर्भर बनने वाली स्वसहायता समूह की महिला सद्स्यों से चर्चा की। उन्होंने इस दौरान मुर्गी और कबूतर पालन की क्षमता को बढ़ाने प्रोत्साहित किया। वही वर्मी खाद से प्रत्येक महिला स्वसहायता समूह को होने वाले 5 लाख आय पर प्रशन्नता जाहिर की।

### अधिकारी दे ध्यान

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों से चर्चा कर गोधन न्याय योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बारिश के समय सड़क पर मवेशी बैठी रहती है। यही वजह है कि सड़क दुर्घटनाए बढ़ते जा रही है। इसे रोकने निगम कर्मी आवारा मवेशियों को गौठान तक लाने अभियान चलाए ताकि सड़क दुर्घटना के बढ़ते आकड़ों को रोका जा सके।

## चेम्बर एवं कैट सीजी चेप्टर के संयुक्त तत्वाधान में कोरोना रोकथाम हेतु बूस्टर वैक्सीनेशन शिविर अग्रसेन भवन, टाटीबंध में संपन्न हुआ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 26 जुलाई 2022 को छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एवं कैट सीजी चेप्टर के संयुक्त तत्वाधान में व्यापारी संघ टाटीबंध के द्वारा एक दिवसीय नि:शुल्क कोरोना बुस्टर डोज टीकाकरण शिविर अग्रसेन भवन, टाटीबंध, रायपुर में आयोजित किया गया।**



इस शिविर में क्षेत्र के निवासियों में बहुत उत्साह दिखा। कोरोना वैक्सीन का लाभ 430 लोगों ने लिया साथ ही लगभग 500 लोगों ने नेत्र एवं दंत चिकित्सा का भी लाभ उठाया। कार्यक्रम में स्वल्पाहार एवं फ्ल वितरण किया गया। चेंबर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि अभी त्योहारी सीजन में कोरोना महामारी के फैलने की संभावनाएं अधिक हैं। पूर्व में भी चेम्बर ने कोरोना को रोकने वैक्सीनेशन, मास्क वितरण, सेनेटाइजर वितरण जैसे जनसेवा कार्य किया गया जो तीसरी लहर रोकने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चेंबर कार्यकारी अध्यक्ष श्री विक्रम सिंहदेव ने समस्त व्यापारी एवं आम नागरिकों से अपील की है कि कोरोना महामारी से बचाव हेतु बुस्टर डोज अवश्य लगवायें एवं आसपास के लोगों को बुस्टर डोज टीकाकरण हेतु प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, मंत्री-शंकर बजाज, दिलीप इसरानी, कैट सीजी चेप्टर महामंत्री सुरिन्दर सिंह, मंत्री अवनीत सिंह, व्यापारी संघ टाटीबंध के संरक्षक ज्ञानी जी, हरदीप सिंह बेनीपाल, रामा प्रसाद सरावगी, चेयरमेन राकेश अग्रवाल, अध्यक्ष नीरज कुमार कंसल, महामंत्री संदीप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गुनीश सिंह, उपाध्यक्ष प्रभात गुप्ता, ललित बड़घरे, विशाल शाह, सचिव अजय नागदेव, जसपाल सिंह, मंत्री-सोहन शर्मा, उपेन्द्र द्विवेदी, रितेश राय, अजय खुबवानी, योगी अयप्पा, अमित सरावगी, प्रदीप अग्रवाल, सूरज यदु, राहुल कुमार, आशीष रूईया, अंकित जैन, मनोज शर्मा (सी.ए.), दीपक सरावगी, संतोष गुप्ता सहित अनेक व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## खास खबर

### यातायात पुलिस ने महिलाओं एवं बालक बालिकाओं की सुरक्षा के लिए जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**कवर्धा।** कबीरधाम यातायात पुलिस के द्वारा महिलाओं एवं बालक बालिकाओं की सुरक्षा हेतु शहर के प्रमुख स्थानों एवं बस, ऑटो आदि वाहनों में हेल्पलाइन नंबर का स्टीकर लगाया गया। कबीरधाम जिले के पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने तथा यात्री वाहनों में सफर के दौरान स्कूली छात्र/ छात्राओं एवं महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों में पूर्णता लगाम लगाने के उद्देश्य से जिले के समस्त यात्री वाहन जो कबीरधाम बस स्टैंड में आते हैं, तथा कबीरधाम से अन्य स्थानों पर जाते हैं, उन सभी में हेल्पलाइन नंबर चस्पा करने हेतु यातायात पुलिस टीम को निर्देशित किया गया है। जिससे महिलाओं एवं बालक बालिकाओं तथा युवाओं को किसी भी प्रकार के अपराध घटित होते हुए नजर आए तो वे बेझिझक होकर महिला हेल्पलाइन नंबर-1091, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर-1098, इमरजेंसी डायल-112, पुलिस कंट्रोल रूम कबीरधाम-94791-92499, 07741-232844 में कॉल कर कबीरधाम पुलिस को उक्त घटना की सूचना दे सकें, ताकि यात्री बसों में किसी भी प्रकार के असामाजिक कृत को अंजाम देने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस दंडनीय कार्यवाही कर असामाजिक तत्वों पर लगाम लगा सके। इसी तारतम्य में दिनांक-25.07.2022 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती मोनिका सिंह परिहार के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक इजराइली खान के द्वारा यातायात पुलिस टीम के साथ हेल्पलाइन नंबर स्टिकर का यात्री बस एवं अन्य वाहनों में यात्रियों को आसानी से दिख सके ऐसे स्थानों पर लगाया गया।

### मुख्यमंत्री द्वारा युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर दिलाने बड़ी पहल

# पॉलिटेक्निक कॉलेजों तथा आईटीआई में थ्री-डी प्रिन्टिग और रोबोटिक्स जैसे नये ट्रेडों की होगी शुरूआत

### रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में उत्पादों को तैयार करने होगा अत्याधुनिक तकनीकी का उपयोग

### मुख्यमंत्री की टाटा टेक्नोलॉजिस के अधिकारियों के साथ बैठक में विचार-विमर्श

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ के पॉलिटेक्निक कॉलेजों तथा आईटीआई में थ्री-डी प्रिन्टिग और रोबोटिक्स जैसे नये ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रारंभ करने तथा छत्तीसगढ़ के गौठानों में विकसित किए जा रहे रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में कृषि उपजों और लघु वनोपजों के प्रसंस्करण और वैल्यू एडिशन के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग प्रारंभ करने के संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ टाटा टेक्नोलॉजिस के अधिकारियों की बैठक में विचार-विमर्श किया गया।**



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में हुई बैठक में टाटा टेक्नोलॉजिस के अधिकारियों के साथ गौठानों को आईटीआई से जोड़ने, गौठानों में तैयार किए जा रहे उत्पादों के वेल्यू एडिशन और उत्पादों के विक्रय के लिए सी-मार्ट से जोड़ने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। इसके अलावा रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में तैयार उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग के काम में भी सहयोग विचार-विमर्श किया गया। टाटा टेक्नोलॉजिस के अधिकारियों द्वारा बैठक में प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया कि पॉलीटेक्निक और आईटीआई में आधुनिक उद्योगों की जरूरत के अनुसार ट्रेड प्रारंभ करने के साथ ही इन संस्थाओं को शिक्षकों को प्रशिक्षण की व्यवस्था रहेगी। बैठक में जानकारी दी गई कि टाटा टेक्नोलॉजिस द्वारा विकसित अधोसंरचना का उपयोग बच्चों के प्रशिक्षण के साथ स्थानीय उद्योगों द्वारा भी आवश्यकतानुसार उपयोग किया जा सकेगा। कृषि उपजों के प्रसंस्करण और वैल्यू एडिशन के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र के साथ भी टाटा टेक्नोलॉजिस कार्य करेगी। बैठक में एग्रीकल्चर रिसर्च एण्ड इनोवेशन सेंटर पर भी विचार-विमर्श हुआ।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने टाटा टेक्नोलॉजिस के अधिकारियों को बताया कि छत्तीसगढ़ की गांवों में स्थापित गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए 600 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। हर विकासखण्ड में दो गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन पार्कों में कुटीर उद्योग स्थापित कर स्थानीय रॉ-मटेरियल के प्रसंस्करण और वैल्यू एडिशन कर उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। तैयार उत्पादों का सी-मार्ट के माध्यम से विक्रय की व्यवस्था की गई है। इन उत्पादों को राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मार्केट दिलाने का प्रयास भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठानों में बिजली, पानी और जमीन की व्यवस्था है। गौठान की एक से दो एकड़ भूमि रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के लिए रखी गई है। यहां बनने वाले रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में लगने वाले उद्योगों को बिजली बिल में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने टाटा टेक्नोलॉजिस के अधिकारियों को बताया कि छत्तीसगढ़ के 116 स्कूलों में हायर सेकेण्डरी के साथ आईटीआई के दो वर्षीय संयुक्त कोर्स प्रारंभ किए गए हैं। ग्यारहवीं कक्षा से यह दोनों कोर्स प्रारंभ होते हैं। बारहवीं पास करने वाले विद्यार्थियों को एक साथ बारहवीं बोर्ड और आईटीआई का सर्टिफिक्रेट दिया जाएगा। यहां आधुनिक उद्योगों के लिए उपयोगी ट्रेड प्रारंभ होने से विद्यार्थियों के रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार द्वय श्री प्रदीप शर्मा और श्री विनोद वर्मा, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री अरूण प्रसाद पी. तथा टाटा टेक्नोलॉजिस के अधिकारी श्री सुशील कुमार, श्री राजेश राघवन और पी.व्ही. काउलगुड उपस्थित थे।

### सावन के शिवरात्रि में देर रात तक हुई पूजा

## भाजपा पार्षद दया सिंह के साथ श्रद्धालुओं ने की सेक्टर-3 चंद्रमौली शिव मंदिर में पूजा, भक्तों को बांटा गया प्रसाद



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** हिंदू पंचांग में हर साल में 12 शिवरात्रि होती हैं, लेकिन इनमें से दो शिवरात्रि को खास महत्व दिया जाता है। पहली फाल्गुन मास की शिवरात्रि जिसे महाशिवरात्रि कहते हैं और दूसरी महत्वपूर्ण शिवरात्रि सावन की मानी जाती है। इस दिन विधि-विधान से शिव जी की पूजा अर्चना की जाती है। इस साल सावन माह की शिवरात्रि 26 जुलाई 2022 दिन मंगलवार को मनाई गई। इस बार बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति द्वारा सावन का महाशिवरात्रि सेक्टर-3 स्थित चंद्रमौली शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। समिति के अध्यक्ष और भाजपा पार्षद दया सिंह ने इस मंदिर में रूद्रमहाभिषेक भी किया। दया सिंह ने बताया कि, ओडिशा के पंडित पीतवास पाढ़ीग्रही ने पूजा-कार्य संपन्न कराया। मान्यता है कि सावन के महाशिवरात्रि में व्रत रखने और पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों पर महादेव जल्दी प्रसन्न होते हैं। उन्हें उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। सावन शिवरात्रि पर शिव भक्त सुबह से ही मंदिरों में शिवलिंग का जलाभिषेक करने के लिए आते हैं। शिवभक्त पूरे दिन उपवास रखकर मंत्रों का जाप करते हुए शिवजी की आराधना में लीन रहते हैं। दया सिंह ने बताया कि सावन के महाशिवरात्रि में देर रात तक पूजा-अर्चना होती रही। रात में भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया। चार पहर में हुई इस पूजा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

# पुलिस टीम को खाकी वर्दी में देख छात्राओं ने जताई पुलिस बनने की इच्छा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा। कबीरधाम जिले की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं को महिला एवं बालक-बालिकाओं से संबंधित अधिकारों तथा गुड टच बैड टच के विषय में जानकारी देकर जागरूक किया गया।**

कबीरधाम जिले की महिला एवं बालक बालिकाओं को उनके अधिकारों की विस्तारपूर्वक जानकारी देकर जागरूक करने हेतु अभिव्यक्ति कार्यक्रम के तहत सोमवार को कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे एवं महिला सेल टीम के द्वारा शहर के रामनगर में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पहुंच कर विद्यालय में उपस्थित छात्राओं को उनके अधिकारों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे के द्वारा छात्राओं को अपना परिचय देते हुए जानकारी दिया गया कि इंटरनेट, मोबाइल एवं विभिन्न ऑनलाइन ऐप का यदि इस्तेमाल करते हैं, तो सबसे पहले अपने तथा अपने परिवार जनों की आपसी गोपनीयता को किसी अन्य को साझा ना करें, अनजान व्यक्ति से दोस्ती कदापि ना करें, ना ही उनके द्वारा दिए गए प्रलोभन में आना चाहिए कहकर गुड टच बैड टच के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर महिला एवं बालक बालिकाओं से संबंधित अधिकारों की जानकारी दी गई।

आवासीय विद्यालय की छात्राओं के द्वारा पुलिस टीम के यूनिफॉर्म को देखकर बड़े होकर पुलिस बनने की इच्छा जाहिर की जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा बच्चों को कहा गया कि जिस प्रकार आप सबको पुलिस की खाकी वर्दी अपनी और आकर्षित करती है, ठीक उसी प्रकार आज जो बहुत से बच्चे शिक्षा से किसी ना किसी कारण से वंचित हैं, उन्हें भी आपको अपना स्कूल का यूनिफार्म एवं स्कूल के बारे में तथा शिक्षा के विषय में जानकारी देकर शिक्षा के प्रति जागरूक करना होगा तभी हमारा गाँव शहर जिला व राज्य लगातार आगे बढ़ सकता है कहा गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे के कुशल नेतृत्व में महिला सेल प्रभारी विजया कैवर्त्य, आर.रोमन चंद्रवंशी, महिला आरक्षक रेवती साहू, चालक आरक्षक आशीष चंद्रवंशी, तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय विकासखंड कवर्धा जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ से शिक्षिका श्रीमती संगीता सिंह अधिक्षिका, कांचनी मिश्रा, मालती गर्ग एवं अधिक संख्या में स्कूली छात्राएं उपस्थित थे।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# आप सभी को आपके काम के बदौलत विदेश घूमने मिलाः भूपेश बघेल

### वनवासी महिलाओं ने ऊंची उड़ान भर बनाई अंतर्राष्ट्रीय पहचान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में सिंगापुर में ईएसजी ग्रिट पुरस्कार समारोह में सम्मानित स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री बघेल ने राज्य लघु वनोपज संघ सहित वनधन केन्द्रों के समूहों को उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वन मंत्री मोहम्मद अकबर, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबन्ध संचालक संजय शुक्ला भी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री बघेल के पूछे जाने पर माँ धारिणी करिन स्व-सहायता समूह बकावंड वन धन केन्द्र की सदस्य पद्मिनी बघेल ने बताया कि उन्होंने पुरस्कार समारोह में अपने बकावण्ड काजू की पूरी प्रोसेसिंग प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि अब उनके समूह ने अपनी छोटी सी दुनिया से एक बड़ी दुनिया की ओर अपना पहला कदम बढ़ाया है। हरिबोल स्व-सहायता समूह डोंगानाला, वनधन केन्द्र की सदस्य सरोज पटेल ने बताया कि उन्होंने समारोह में उनके समूह के द्वारा वनौषधियों के संग्रहण से उनके प्रसंस्करण और विक्रय तक की पूरी प्रक्रिया बताई। महिलाओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि सिंगापुर बहुत सुंदर है। वहां उन्होंने चिड़ियाघर, पार्क, समुद्र, हॉलीवुड के साथ ही शहर की हरियाली देखी। मुख्यमंत्री बघेल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आप सभी को आपके काम के बदौलत विदेश जाने का मौका मिला। जंगल से निकलकर सिंगापुर की सैर करने का मौका मिला। पहले अधिकारी नेताओं को विदेश घुमाने ले जाते थे अब वे आप लोगों को ले जा रहे हैं, ऐसा पहली बार हुआ है। गौरतलब है कि सिंगापुर में 22 और 23 जुलाई को आयोजित ईएसजी ग्रिट पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ सहित जगदलपुर और कोरबा के दो महिला स्व-सहायता समूह पुरस्कृत हुए। प्रदेश को लघु वनोपज प्रोसेसिंग के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है, जिसके तहत छत्तीसगढ़ को संधारणीय विकास, गरीबी उन्मूलन और महिला सशक्तिकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के उपरांत संभवतः यह पहला अवसर है, जब महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने के लिए विदेश यात्रा पर रहे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के वन धन विकास केन्द्रों में लघु वनोपज के प्रसंस्करण कार्य में लगी महिला सदस्यों के समर्पित कार्य प्रणाली का परिणाम है कि इस अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए उनकी पहचान हुई। समारोह में माँ धारिणी करिन स्व-सहायता समूह बकावंड वन धन केन्द्र की सदस्य सुश्री पद्मिनी बघेल तथा सुश्री बेलाबाई कश्यप तथा हरिबोल स्व-सहायता समूह डोंगानाला, वनधन केन्द्र की सदस्य सुश्री सरोज पटेल तथा सुश्री फूलबाई नेती सम्मानित हुईं।

खुशी से भरपूर छत्तीसगढ़ के इन वनवासी प्रतिनिधियों ने 150 देशों के 200 से अधिक प्रतिनिधियों के समक्ष यह पुरस्कार ग्रहण करते हुए, छत्तीसगढ़ मॉडल तथा सतत् विकास की कहानी कही। इन्होंने इस समारोह में पूरी दुनिया के व्यवसायी, बैंकर्स, इनवेस्टर्स, पर्यावरणविद तथा शासकीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 'छत्तीसगढ़-हर्बल्स' की पूरी दुनिया में पहचान सुनिश्चित किया। इससे लघु वनोपज आधारित उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। 'छत्तीसगढ़ मॉडल' को पूरे विश्व में सतत् विकास के मॉडल के रूप में पहचान मिलेगी।

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के इस दल का नेतृत्व राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक संजय शुक्ला द्वारा किया गया तथा अपर प्रबंध संचालक बी. आनंद बाबू एवं वनमंडल अधिकारी सुश्री स्टायलो मण्डावी सहयोग हेतु दल में सम्मिलित थीं।

## खेतों का कीटनाशक पहुंच रहा खारून में, फिटकरी की खपत पांच गुना बढ़ी



**रायपुर (ए)।** बारिश तेज होते ही गंदे नालों और गड्ढों में महीनों से भरा गंदा पानी खारुन नदी में मिल रहा है। इसी से नदी का पानी इतना मटमैला हो गया है कि आंखों से नजर आ रहा है। पानी के साथ घुलकर आ रहे रसायनिक और कीटनाशक से लोगों की सेहत पर खतरा बढ़ गया है। इस वजह से पानी को साफ और शुद्ध करने में ज्यादा मेहनत के साथ अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ रही है। पानी साफ करने के लिए फिटकरी का उपयोग भी 5 गुना बढ़ गया है। पानी साफ करने की प्रक्रिया में जरा सी चूक होने से ही डायरिया और पीलिया जैसी बीमारियां फैलने का खतरा भी रहता है।

खारुन नदी रायपुर और दुर्ग जिले की सीमा से गुजरती है। बालोद जिले के गुरुर ब्लॉक में ग्राम बड़भूम के पास पेटेचुआ गांव से इसका उद्गम हुआ है। दोनों जिलों से होते हुए यह नदी करीब 120 किमी का सफर तय कर शिवनाथ नदी में मिल जाती है। नदी के किनारे-किनारे कृषि भूमि है। धान के खेतों के अलावा सब्जियों की बाड़ियां भी हैं।

खेतों में रसायनों का प्रयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने और बीमारियों से बचाने के लिए भी कई तरह की दवा का छिड़काव किया जाता है। बारिश के पानी के साथ खेतों में छिड़के गए रसायनिक तत्व व दवा नदी में मिलते हैं। मिट्टी की वजह से पानी का रंग तो मटमैला दिखता है, लेकिन रसायनिक तत्व की मौजूदगी सामान्य आंखों से नजर नहीं आती।

विशेषज्ञों का कहना है यही सबसे ज्यादा खतरनाक है। घरों से निकलने वाले सीवरेज के पानी में भी कास्टिक आदि की मात्रा बढ़ी होती है। इन सबके कारण बारिश के दिनों में पानी अधिक प्रदूषित हो जाता है। खारुन का पानी भाठागांव इंटकवेल से फिल्टर प्लांट पहुंचता है। यहां इसे साफ किया जाता है।

सामान्य दिनों में पानी कम प्रदूषित होता है। इसलिए पानी साफ करने में फिटकिरी और दवा की मात्रा कम होती है। बारिश में मात्रा बढ़ाने के साथ पूरी प्रक्रिया में ज्यादा ध्यान देना पड़ता है। बताया जा रहा है कि पानी को साफ करने के लिए फिटकिरी की खपत 4 से 5 गुना बढ़ गई है। मौदहापारा, सड्डू, टिकरापारा, खमतराई व गुढ़ियारी इलाकों में मटमैला पानी आने की शिकायत की गई है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि बारिश में मटमैला पानी आम है। इसे फिल्टर प्लांट में अच्छी तरह साफ किया जा रहा है।

## खास खबर

### मौसम का मिजाजः बारिश अब सिर्फ प्रदेश के मध्य-उत्तर हिस्से में, बाकी जगह बादल छंटने लगे, पारा चढ़ा

**रायपुर (ए)।** प्रदेश में इन दिनों मानसूनी बारिश सरगुजा व बिलासपुर में सबसे ज्यादा हो रही है। बस्तर, रायपुर और दुर्ग संभागों में मंगलवार को दिन में कई बार धूप निकली। हालांकि रायपुर में देर रात हल्की बारिश हुई। खाड़ी में सिस्टम कमजोर होने से बारिश कुछ कम हुई है, लेकिन सामान्य से सबसे ज्यादा बारिश वाले जिलों की संख्या 2 से घटकर 1 हो गई है।

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में सक्रिय कम दबाव का क्षेत्र खत्म हो चुका है। अब प्रदेश में केवल द्रोणिका के असर से बारिश हो रही है। यह स्थिति तीन-चार दिन रहनेवाली है। राजधानी समेत प्रदेश के मध्य और दक्षिणी शहरों में मंगलवार को दोपहर का तापमान तकरीबन ढाई-तीन डिग्री बढ़कर 34 डिग्री तक पहुंच गया, जिससे काफी दिन बाद उमस महसूस हुई। जुलाई में मानसून के ज्यादा सक्रिय रहने से प्रदेश में सामान्य से 8 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। रायपुर जिले में पिछले साल की तुलना में कम बारिश हो रही है। अभी यहां केवल 336.7 मिमी पानी गिरा है, जो सामान्य से 27 फीसदी कम है। 26 जुलाई तक रायपुर में 460 मिमी बारिश हो जाती है। बीजापुर में भी अब बारिश नहीं हो रही है। इसके बावजूद वहां सीजन में 160 फीसदी ज्यादा पानी बरस चुका है। वहां 1465 मिमी पानी गिर चुका है। प्रदेश में 507.2 मिमी की तुलना में 548.1 मिमी पानी बरस चुका है। प्रदेश में 12 जिलों में सामान्य से ज्यादा, 6 जिलों में सामान्य, 8 जिलों में सामान्य से कम पानी गिरा है।

### सरगुजा के अधिकांश क्षेत्रों में भी मध्यम वर्षा

लालपुर के मौसम विज्ञानियों के अनुसार एक मानसून द्रोणिका अजमेर से बालासोर होते हुए पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। वहीं दूसरी द्रोणिका दक्षिण छत्तीसगढ़ से तटीय आंध्रप्रदेश पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी तक बनी है। इसके प्रभाव से 27 जुलाई को प्रदेश के उत्तरी हिस्से यानी बिलासपुर और सरगुजा संभागों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

## मोर महापौर,मोर द्वार शिविरः बुर्जुग और बालक को सुनने में थी दिक्कत, महापौर ने दिलाया श्रवण यंत्र

**रायपुर (ए)।** मोर महापौर मोर द्वार शिविर के 25वें दिन कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक 54 में संगम मैरिज पैलेस कांदुल रोड़ बोरियाखुर्द और मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्रमांक 59 के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन मठपुरैना में लगाए गए शिविर में दोपहर से ही लोगों की भीड़ जुटी रही। शिविर में बोरियाखुर्द गजराज तालाब के समीप रहने वाले आठ साल के बालक और संतोषीनगर के 60 वर्षीय बुजुर्ग को सुनने में दिक्कत थी। महापौर एजाज ढेबर ने जानकारी मिलते ही दोनों को श्रवण यंत्र मंगवाकर दिया।



दोनों वार्डों में लगाए गए शिविर में कुल 706 आवेदन मिले, इनमें से 538 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। स्वास्थ्य बीमा आयुष्मान कार्ड 128 लोगों को बनाकर दिया गया। नए श्रमिक कार्ड 32, 21 राशन कार्ड बनाकर दिए गए। वहीं, 54 लोगों ने कोरोना टीका लगवाया। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना में एमएमयू यूनिट में 50 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। 34 नागरिकों ने महापौर को फोन पर जनसमस्या बताई, जिनका तत्काल परीक्षण कर सामाधान कराया गया। शिविर में महापौर परिषद के सदस्यों के साथ आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, अपर आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता योजना राजेश शर्मा, जोन कमिश्नर आदि मौजूद थे।

### इन वार्डो में शिविर

नगर निगम जोन 10 के रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड क्रमांक 55 के पटेल चौक लालपुर में सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक और जोन छह के शहीद पंकज विक्रम वार्ड क्रमांक 58 के साहू भवन टिकरापारा में दोपहर ढाई बजे से शाम 5.30 बजे तक मोर महापौर, मोर द्वार शिविर लगाया जाएगा। इससे पहले महापौर से सुबह नौ बजे से 11 बजे तक फोन नंबर 9111666201, 9301953201 पर काल करके वार्डवासी अपनी समस्या बताकर सुझाव दे सकते हैं।

## रेलवे का निर्णयः 14 ट्रेनों में अतिरिक्त स्लीपर कोच एक अगस्त से, यात्रियों की वेटिंग होगी कम



**रायपुर (ए)।** ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने जोन से गुजरने वाली 14 ट्रेनों में अतिरिक्त स्लीपर कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। ये सभी ट्रेनें लंबी दूरी की है। यात्रियों को यह सुविधा 1 अगस्त से 2 सितंबर तक विभिन्न ट्रेनों में मिलेगी। 11 अगस्त को रक्षाबंधन भी है। कई लोग बहन से राखी बंधवाने या बहन राखी बांधने अपने भाई के पास जाती हैं।

इससे एक्सप्रेस ही नहीं लोकल ट्रेनों में भी भीड़ बढ़ती है। जिन ट्रेनों में अतिरिक्त स्लीपर कोच जोड़ा जा रहा है, उसमें कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, दुर्ग-उधमपुर, दुर्ग- अजमेर, दुर्ग-कानपुर, दुर्ग-नौतनवा, दुर्ग-अजमेर समेत विभिन्न ट्रेनें शामिल हैं।

पश्चिम रेलवे के राजकोट रेल मंडल में नॉन इंटरलाकिंग कार्य के कारण बिलासपुर-हापा-बिलासपुर ट्रेन 30 जुलाई व 1 अगस्त को रद्द रहेगी। नॉन इंटरलाकिंग का कार्य 30 जुलाई से 1 अगस्त तक किया जाएगा। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे से चलने वाली एक ट्रेन प्रभावित रहेगी।

30 जुलाई को हापा से छूटने वाली 22939 हापा-बिलासपुर एक्सप्रेस व 1 अगस्त को बिलासपुर से छूटने वाली 22940 बिलासपुर-हापा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। प्रदेश से गुजरात जाने वाले काफी संख्या में यात्री रहते हैं। ट्रेन रद्द होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। लगातार ट्रेनें रद्द होने से लोगों को 4 माह पहले कराए रिजर्वेशन को रद्द करना पड़ रहा है।

## संस्कृति कालेज में अब होगी अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई, बीए की 60 सीटों पर मिली मंजूरी

**रायपुर (ए)।** रायपुर के संस्कृत महाविद्यालय में इस सत्र से अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई शुरू करने की अनुमति मिल गई है। उच्च शिक्षा विभाग ने अंग्रेजी माध्यम से बीए के 60 सीटों पर मंजूरी दी है। इसे लेकर महाविद्यालय में तैयारियां पूरी कर ली गई है। 30 जुलाई को मेरिट सूची जारी होने के बाद दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो जाएगा।

बता दें संस्कृत महाविद्यालय में स्नातक विषयों में वेद, व्याकरण, ज्योतिष, साहित्य में कुल 100 सीटें हैं। वहीं स्नातकोत्तर की 100 सीटें संचालित है। प्रत्येक वर्ष करीब पांच सौ छात्र शिक्षा प्राप्त करते हैं। अब अंग्रेजी माध्यम में बीए की 60 सीटें अतिरिक्त खुल जाने के बाद छात्रों की संख्या बढ़ जाएगी। बता दें कालेज वर्ष-1955 से संचालित राज्य का एक मात्र संस्कृत कालेज है, लेकिन वर्तमान समय में यहां पर प्राध्यापकों की नियुक्ति ना होने की वजह से शिक्षा प्रभावित हो रही है।



मिली जानकारी के अनुसार यहां प्राध्यापकों के आधे पद खाली है। इसे लेकर शासन को कई बार पत्र लिखा गया है। लेकिन अब तक पदों को भरा नहीं जा सका है। छात्र संघ द्वारा भी खाली प्राध्यापकों के पदों को भरने की मांग की जा रही है।

कालेज में अंग्रेजी माध्यम से बीए की 60 सीटें इस सत्र से शुरू हो रही है। खाली पदों को भरने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

**-डॉ. राधा पांडेय, प्राचार्य, संस्कृत महाविद्यालय रायपुर**

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट कैम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

• जीन्स
• टी-शर्ट
• शर्ट
• ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रु. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

एक हिट फिल्म को तरसे बॉलीवुड स्टार्स

# अक्षय की लगातार 2 फिल्में हुईं फ्लॉप, शाहरुख समेत इन स्टार्स को भी है एक हिट फिल्म की जरुरत

बॉलीवुड की फिल्में इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पा रही हैं। हाल ही में रिलीज हुई रणबीर कपूर की फिल्म शमशेरा फ्लॉप साबित होती नजर आ रही है। रणबीर के पहले ऐसे कई सुपरस्टार हैं जिनकी फिल्में अच्छी कमाई नहीं कर पाई हैं। इन स्टार्स को एक बड़ी हिट की खास जरूरत है जिससे ये बॉलीवुड में अपना कमबैक कर सकें।



### शाहरुख खान

एक्टर की पिछले फिल्में जैसे हैरी मेट सैगल और जीरो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। वहीं शाहरुख अब तीन फिल्म पठान, डंकी और जवान में नजर आने वाले हैं। अगर उनकी ये फिल्में भी अगर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई तो एक्टर का बॉलीवुड में वापसी करना मुश्किल हो सकता है।

### आमिर खान

300 करोड़ में बनी आमिर स्टारर फिल्म ठग्स ऑफ हिंदुस्तान बॉक्स ऑफिस पर केवल 335 करोड़ की कमाई कर पाई थी जिसके बाद से उन पर एक हिट फिल्म देने का प्रेशर बना हुआ। एक्टर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म लाल सिंह चड्ढा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि उनकी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित होती है या नहीं।

### अक्षय कुमार

अक्षय की पिछली दो फिल्में, पृथ्वीराज और बच्चन पांडे बॉक्स ऑफिस पर बहुत बुरी तरह से पिट गईं थीं। इसके बाद से ही सबकी निगाहें एक्टर की आगामी फिल्म रक्षा बंधन पर टिकी हुई है। इस फिल्म का हिट होना अक्षय के लिए बेहद जरुरी है क्योंकि उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अब कुछ खास कमाल नहीं दिखा पा रही हैं।

### रणवीर सिंह

एक्टर की फिल्म जयेशभाई जोरदार और 83, दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई थीं। वहीं उनकी अपकमिंग फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी है, तो उनके करियर के लिए इस फिल्म का हिट होना बेहद जरूरी है।

### जॉन अब्राहम

जॉन की पिछली चार फिल्में पागलपंती, मुंबई सागा, सत्यमेव जयते 2, और अटैक, बॉक्स ऑफिस पर छाप छोड़ने में नाकाम रहीं। वो अगली बार एक विलेन रिटर्न्स में दिखाई देंगे और यह देखना दिलचस्प होगा कि इस फिल्म में वो कमाल कर पाते हैं या नहीं।

# खतरे में तेलुगू इंडस्ट्री! अगस्त से रोकी गई शूटिंग, प्रभावित होंगी प्रभास-महेश बाबू की फिल्में



प्रोड्यूसर्स गिल्ड के सदस्यों ने मंगलवार को पत्र जारी करते हुए इस बात का एलान किया है कि एक अगस्त से शुरू होने वाली फिल्मों की शूटिंग अब नहीं होगी। सभी फिल्मों की शूटिंग तब तक शुरू नहीं होगी जब तक प्रोड्यूसर्स अपनी समस्याओं के समाधान खोज नहीं लेते हैं। बता दें कि आरआरआर, केजीएफ 2 और कुछ अन्य फिल्मों को छोड़कर पिछले कुछ हफ्तों में रिलीज हुई फिल्मों के खराब प्रदर्शन की वजह से 'एक्टिव तेलुगू प्रोड्यूसर्स गिल्ड' काफी चिंतित हैं। इसलिए उन्होंने तेलुगू इंडस्ट्री को पुनर्गठित करने, फिल्म बजट, ओटीटी रिलीज और थिएट्रिकल रिलीज सहित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया है।

जारी किए गए लेटरहेड में बदलते रेवेन्यू और कॉस्ट पर भी प्रकाश डाला गया है। नोट में कहा गया है कि इन बदलती परिस्थितियों को देखते हुए, निर्माताओं ने तब तक फिल्म की शूटिंग रोकने का फैसला किया है जब तक कोई समाधान नहीं मिल जाता। तेलुगू प्रोड्यूसर्स गिल्ड का कहना है, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने इकोसिस्टम को बेहतर बनाएं और यह सुनिश्चित करें कि हम अपनी फिल्मों को स्वस्थ वातावरण में रिलीज करें। इस संबंध में, गिल्ड के सभी निर्माता सदस्यों ने स्वेच्छा से 1 अगस्त 2022 से शूटिंग पर रोक लगाने का फैसला किया है।

हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि कौन से प्रोडक्शन हाउस और फिल्में इस फैसले का पालन करेंगी, लेकिन अटकलें लगाई जा रही हैं कि महेश बाबू, जूनियर एनटीआर और प्रभास जैसे अभिनेताओं की आने वाली फिल्मों की शूटिंग में इस वजह से देरी हो सकती है।

महामारी के बाद तेलुगू फिल्म उद्योग ने कई हिट फिल्में, जैसे- आरआरआर और पुष्पा: द राइज दी हैं, लेकिन निर्माता बदलते राजस्व मॉडल से सावधान हैं। एक फिल्म निर्माता ने पीटीआई से बातचीत के दौरान इस बात का खुलासा किया था कि आरआरआर, पुष्पा जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों को छोड़कर, नाटकीय राजस्व 20 फीसदी के निचले स्तर तक जा गिरा है। यही वजह है कि हर कोई उद्योग की स्थिरता को लेकर चिंतित है।

बॉलीवुड के कम पढ़े-लिखे सेलेब्स

# करिश्मा कपूर से कटरीना कैफ तक, कोई 6वीं पास तो कोई कभी नहीं गया स्कूल

बॉलीवुड एक्टर्स हमेशा अपनी एक्टिंग से अपने फैंस के दिलों पर छाए रहते हैं पर क्या आप जानते हैं कि कई बॉलीवुड स्टार्स ऐसे भी हैं जिन्होंने अपने एक्टिंग करियर के चलते अपनी पढ़ाई भी अधूरी छोड़ दी है। इस लिस्ट में दीपिका पादुकोण, अक्षय कुमार से लेकर सलमान और ऐश्वर्या जैसे स्टार्स का नाम भी शामिल है। तो चलिए आज कुछ ऐसे ही एक्टर्स पर नजर डालते हैं।



### करिश्मा कपूर

करिश्मा ने फिल्म प्रेम कैदी से एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। करिश्मा टॉप एक्ट्रेस बनना चाहती थीं इसलिए उन्होंने 6वीं की पढ़ाई अधूरी छोड़ दी थी और एक्टिंग पर फोकस करना शुरू कर दिया था। करिश्मा 5वीं पास हैं।

### कंगना रनोट

बेहतरीन एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शुमार कंगना चंड़ीगढ़ में रहकर डीएवी स्कूल से अपनी पढ़ाई की है। वो 12वीं क्लास में केमिस्ट्री में फेल हो गई थीं और फिर इसके बाद उन्होंने आगे पढ़ाई नहीं की। कंगना ने एक्टिंग पर फोकस किया और चंड़ीगढ़ से दिल्ली आ गईं।

### कटरीना कैफ

कटरीना कैफ की पढ़ाई बचपन से ही घर में ही हुई है। वो कभी स्कूल नहीं गईं। उनका बचपन कई देशों में बीता है। इसके बाद 14 साल की उम्र में कैट को मॉडलिग के ऑफर्स मिलने लगे। इसके बाद उन्होंने आगे की पढ़ाई कभी नहीं की।

### दीपिका पादुकोण

बॉलीवुड की मस्तानी दीपिका ने कई बेहतरीन फिल्में दी हैं पर क्या आप जानते हैं कि एक्ट्रेस ने सिर्फ 12वीं तक ही पढ़ाई की है। एक इंटरव्यू में दीपिका ने खुलासा किया था कि उन्होंने 12वीं के बाद मॉडलिंग पर फोकस करना शुरू कर दिया था। अब दीपिका बॉलीवुड की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में से एक हैं।

### अर्जुन कपूर

अर्जून कपूर 12वीं में फेल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने आगे पढ़ाई करने का विचार ही छोड़ दिया और असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम करने लगे थे। जिसके बाद उन्होंने 2012 में फिल्म इशकजादे से एक्टर के तौर पर बॉलीवुड में एंट्री ली।

### सलमान खान

सलमान खान ने अपनी स्कूली पढ़ाई सेंट स्टेनिस्लॉस हाई स्कूल से पूरी की है। हालांकि सल्लू मैया का भी पढ़ाई में ज्यादा मन नहीं लगा और उन्होंने बैचलर्स की डिग्री पूरी नहीं की और 1988 में कॉलेज छोड़े के बाद एक्टिंग में फोकस करना शुरू कर दिया था।


### ऐश्वर्या राय बच्चन

ऐश्वर्या राय बच्चन ने आर्य विद्या मंदिर हाई स्कूल से अपनी स्कूली पढ़ाई की है। वो मेडिकल की पढ़ाई करना चाहती थीं लेकिन बाद में उन्होंने आर्किटेक्चर की पढ़ाई करना शुरू कर दिया। हालांकि ऐश की पढ़ाई पूरी नहीं हो पाई और उनका मन मॉडलिंग में लगने लगा। जिसके बाद ऐश ने आगे की पढ़ाई नहीं की।

### अक्षय कुमार

अक्षय कुमार ने डॉन बॉस्को स्कूल से स्कूली पढ़ाई की, इसके बाद उन्होंने गुरु नानक खालसा कॉलेज में एडमिशन ले लिया। हालांकि उनकी कॉलेज की पढ़ाई पूरी नहीं हो पाई और वो बैचलर्स की पढ़ाई अधूरी छोड़कर मार्शल आर्ट सीखने बैंकॉक चले गए थे। बैंकॉक से आने के बाद वहां से वापस लौटने के बाद अक्षय ने अपना फोटोशूट कराया जिसके बाद उन्हें फिल्म 'दीदार' के लिए साइन कर लिया गया। फिर अक्षय ने पढ़ाई पर ध्यान नहीं दिया।

# पांचवें दिन ढेर हुई 'शमशेरा' भारी गिरावट के साथ मंगलवार को की बस इतनी कमाई



कपूर खानदान के शहजादे और अभिनेता रणबीर कपूर के कमबैक का इंतजार दर्शक लंबे समय से कर रहे थे। रणबीर की कमबैक फिल्म 'शमशेरा' जितनी दमदार रिलीज से पहले लग रही थी, फिल्म रिलीज के बाद उतनी ही फिसदी साबित हुई है। फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी उतरने में नाकाम रही। इसी वजह से फिल्म की रिलीज के बाद दर्शकों ने इसे सिरे से नकार दिया है। चार साल बाद पर्दे पर वापसी कर रहे रणबीर कपूर की यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपने पांचवें दिन भी कमाई के लिए संघर्ष करती हुई नजर आई।

रणबीर कपूर की शादी के बाद रिलीज हुई पहली फिल्म 'शमशेरा' की हालत रिलीज के पांचवें दिन भी अच्छी नहीं दिखी। लगातार बॉक्स ऑफिस से सामने आ रहे फिल्म के आंकड़ों के हिसाब से यह फिल्म रणबीर कपूर के करियर के साथ-साथ यशराज फिल्म्स के बैनर के लिए भी एक बड़ा खतरा साबित हो रही है। क्योंकि 'शमशेरा' यशराज के बैनर तले फ्लॉप होने वाली तीसरी मेगा बजट फिल्म बनने जा रही है। फिल्म का पांचवा दिन खत्म होते ही बॉक्स ऑफिस से इसके शुरुआती आंकड़े सामने आ गए हैं। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक फिल्म की कमाई में मंगलवार को भी गिरावट देखने को मिली है। मंगलवार को सामने आए फिल्म के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक इसके कलेक्शन में 70 फीसदी की भारी गिरावट देखने को मिली है। रणबीर कपूर की 'शमशेरा' ने अपनी रिलीज के पांचवें दिन करीब 2.60 करोड़ रुपये की कमाई की है।

### पांच दिनों में कुल इतनी की कमाई

'शमशेरा' ने बॉक्स ऑफिस पर अपने पहले चार दिनों में खराब प्रदर्शन करते हुए भारत में 34.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। लेकिन मंगलवार को हुई कमाई के बाद अब फिल्म ने पांच दिनों में कुल 37.35 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। चार साल बाद बड़े पर्दे पर लौटे रणबीर कपूर ने यह कभी नहीं सोचा होगा कि 'शमशेरा' का यह हाल होगा। 150 करोड़ की लागत में बनी यह फिल्म पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो गई थी। इतना ही नहीं अब इस फिल्म को दर्शकों के भी लाले पड़ रहे हैं, जिसकी वजह से इसके शो कैंसिल किए जा रहे हैं।

# 13 देशों में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं पवनदीप राजन, दो रियलिटी शो के हैं विनर



पवनदीप राजन देश के सबसे चर्चित सिंगिंग रियलिटी शो में से एक इंडियन आइडल के विनर रहे हैं। वह अपनी गायकी से हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। पवनदीप का जन्म उत्तराखंड के चंपावत में हुआ था। बहुमुखी प्रतिभा के धनी पवनदीप का संगीत के प्रति लगाव बचपन से ही था। उनके टैलेंट का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि गायकी के साथ वह कई म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स भी बजा लेते हैं।

पवनदीप को संगीत विरासत में मिला है। उनके पिता सुरेश राजन और ताऊ सतीश राजन ने बचपन से ही उन्हें संगीत की तालीम दी। उनके दादा रति राजन भी अपने समय के प्रसिद्ध लोकगायक थे। उनके पिता कुमाऊं के मशहूर सिंगर हैं। वहीं, उनकी नानी भी लोक गायिका थीं। इसके अलावा उनकी बहन ज्योतिदीप भी एक सिंगर हैं। पवनदीप ने बहुत कम्र उम्र से ही तबला बजाना शुरू कर दिया था। इस हुनर को उनके पिता ने बचपन में ही पहचान लिया और आज वह पियानो से लेकर ढोलक, ड्रम, कीबोर्ड और गिटार जैसे कई म्यूजिकल इंस्ट्रमेंट बड़े ही आसानी से बजा लेते हैं।

# 'आदिपुरुष' बनेगी भारतीय सिनेमा की नई पहचान, निर्देशक ओम राउत की मेहनत को मेरा प्रणाम

हिंदी सिनेमा में इन दिनों अगर किसी एक अभिनेत्री के पास विविधतापूर्ण किरदारों का पूरा गुलदस्ता है तो उनमें कृति सेनन का नाम सबसे ऊपर आता है। उनकी आने वाली फिल्मों 'आदिपुरुष', 'भेड़िया', 'गणपत' और 'शहजादा' से भी उनके चाहने वालों को काफी उम्मीदें हैं। पराक्रमी राम पर बन रही उनकी फिल्म 'आदिपुरुष' उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म है और इसका इंतजार सिर्फभारतीय दर्शक ही नहीं बल्कि भारतीय मूल के वे करोड़ों दर्शक भी कर रहे हैं जो दुनिया के तमाम दूसरे देशों में रह रहे हैं। करीब 20 हजार स्क्रीन्स पर इसे रिलीज करने की तैयारी है और कृति को पता है कि ये फिल्म उनके लिए कितनी अहम है।



कृति सेनन कहती हैं, ' फिल्म 'आदिपुरुष' हम सबके लिए खास फिल्म है और इसमें सीता का किरदार बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी है। मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे ऐसा किरदार निभाने का मौका मिल रहा है। फिल्म के निर्देशक ओम राउत ने इस फिल्म को जिस तरह से तैयार किया है, वह किसी प्रेरणा से कम नहीं है। उनकी मेहनत को मैं प्रणाम करती हूं। उन्होंने इस फिल्म में सीता की जो छवि गढ़ी है, वह अब तक छोटे परदे या फिल्मों में दिखी उनकी छवियों से काफी अलग है। मुझे पूरा यकीन है कि फिल्म 'आदिपुरुष' भारतीय सिनेमा की एक नई पहचान बनकर उभरेगी।'

कृति की पिछली दो फिल्में 'बच्चन पांडे' और 'हम दो हमारे दो' खास कमाल नहीं कर पाई। लेकिन, इन दोनों फिल्मों में कृति ने अपने किरदार को लेकर काफी मेहनत की। वह कहती हैं, ' फिल्म का बॉक्स ऑफिस नतीजा क्या होगा, ये तो फिल्म बनाते समय किसी को नहीं पता होता। हमारे बस में होता है हर फिल्म के लिए अपना सौ फीसदी समर्पण दिखाना। किसी भी किरदार को करने के लिए, उसको जीने के लिए जो कुछ भी जरूरी होता है। मैं करती हूं।

बचपन से ही माधुरी दीक्षित की दीवानी रहीं कृति सेनन पेशे से इंजीनियर रही हैं। पिता राहुल सेनन सीए हैं और मां फिजिक्स की प्रोफेसर। बहन नुपूर का भी मॉडलिंग और एक्टिंग में खासा नाम है। निर्देशक आशुतोष गोवारिकर की फिल्म 'पानीपत' को कृति अपने करियर का टर्निंग प्वाइंट मानती हैं। वह कहती हैं, 'पानीपत की लड़ाई पर आधारित एक फिल्म मे अगर एक युवती का किरदार उभर कर आ जाए तो वही अपने आप में बड़ी बात है। युद्ध आधारित फिल्मों में अक्सर ऐसा होता नहीं है लेकिन फिल्म 'पानीपत' में ऐसा हुआ। एक अभिनेत्री के तौर पर मुझे लगता है कि मुझे वहां बहुत सराहा गया और इसके बाद ही मुझे खुद भी अंदर से महसूस हुआ कि मैं अब इससे भी चुनौतीपूर्ण कुछ कर सकती हूं।

फिल्म 'मिमी' के लिए दर्जनों पुरस्कार जीत चुकीं कृति सेनन इस फिल्म के बारे में चर्चा चलने पर कहती हैं, 'कहीं न कहीं मैं ढूंढ रही थी ऐसा कोई किरदार। कई बार हम अंदर से किसी काम को करने के लिए तैयार होते हैं और आपको वही करने का मौका मिल जाता है। 'लुकाछिपी' में काम करने के चलते ही मुझे ये फिल्म मिली थी। 'लुकाछिपी' हालांकि बहुत ही हल्की फुल्की फिल्म थी जबकि 'मिमी' बहुत ही भावुक फिल्म है। 'लुकाछिपी' में एक बहुत ही इमोशनल सीन था, जिसे देखने के बाद मुझे 'मिमी' का चुनौतीपूर्ण रोल सौंपा गया।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XI XII B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### 9 अगस्त को बिलासपुर में आदिवासी सम्मेलन

**बिलासपुर।** 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर प्रदेश के आदिवासी समाज का एक बड़ा सम्मेलन बिलासपुर में आयोजित करने की तैयारी हो रही है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर के लिए एवं सम्मेलन में शामिल होने के लिए अपनी सहमति मिल चुकी है, सहमति मिलने के पश्चात आयोजकगण स्थल चयन एवं आयोजन को लेकर छ.ग.पर्यटन मण्डल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव से भेंट मुलाकात की और स्थल चयन को लेकर चर्चा की। चर्चा के दौरान साईंस कालेज मैदान पर आयोजन करने की सहमति बनी। छ.ग.सर्व आदिवासी समाज के नेताओं ने पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव के माध्यम से जिला प्रशासन से चर्चा कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हेतु कहा। अटल श्रीवास्तव ने समाज को आश्वस्त किया कि उक्त सम्मेलन को कांग्रेस का पूरा सहयोग मिलेगा, स्थानीय नेतागण अपनी भागीदारी निभायेंगे। उक्त सम्मेलन में पूरे प्रदेश से लगभग 10000 सर्व आदिवासी समाज के नेतागण शामिल होंगे। राज्य के बाहर देश और विदेश से भी आदिवासी नेताओं की शिरकत करने की संभावना है। इससे पूर्व यह आयोजन राजधानी रायपुर में होता रहा है, पहली बार यह आयोजन बिलासपुर में होगा।

### किसानों को खेती-किसानी के दिन में खाद की आपूर्ति निरंतर होते रहना चाहिए : कलेक्टर

**राजनांदगांव।** जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। कलेक्टर श्री डोमन सिंह खाद के भंडारण एवं वितरण की लगातार मानिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को खेती-किसानी के दिन में खाद की आपूर्ति निरंतर होते रहना चाहिए। कृषि विभाग के अधिकारियों को खाद की कालाबाजारी को रोकने के निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में आज राजनांदगांव जिले को 950 मीट्रिक टन डीएपी खाद प्राप्त हो गया है। छत्तीसगढ़ राज्य सकारी विपणन संघ मर्यादित से प्राप्त जानकारी अनुसार राजनांदगांव केन्द्र में 105 मीट्रिक टन, छुरिया केन्द्र में 214.200 मीट्रिक टन, खैरागढ़ केन्द्र में 189.900 मीट्रिक टन एवं गण्डई केन्द्र में 319.800 मीट्रिक टन डीएपी खाद उपलब्ध है। जिले में वर्तमान में 59771 मीट्रिक टन खाद का भंडारण है। जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 53359.4 मीट्रिक टन खाद का भंडारण था।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राज्यपाल सुश्री उइके ने सौजन्य भेंट कर दी शुभकामनाएं

# प्रदेश के विभिन्न विषयों और समस्याओं को लेकर की राष्ट्रपति से चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश की नव निर्वाचित 15वीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण उपरांत आज राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने उनसे राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में मुलाकात की और देश की प्रथम जनजातीय महिला राष्ट्रपति बनने पर शुभकामनाएं दी और सफलतम कार्यकाल की कामना की। राज्यपाल सुश्री उइके ने राष्ट्रपति मुर्मू से देश व प्रदेश के जनजातियों की विभिन्न समस्याओं एवं अन्य समसामयिक विषयों के निराकरण के उपायों पर विस्तृत चर्चा की।



राज्यपाल ने पेसा कानून के क्रियान्वयन के संबंध में राष्ट्रपति को अवगत कराते हुए कहा कि कई राज्यों में पेसा कानून के नियम नहीं बनाए गये हैं, जिसकी वजह से इस नियम का लाभ जनजातियों को नहीं मिल रहा हैं। उन्होंने पेसा कानून के अंतर्गत नियमों को बनाने एवं उन्हें लागू कराने का राष्ट्रपति से आग्रह किया। साथ ही पेसा कानून के समान नगरीय क्षेत्रों के लिए मेसा कानून का विधेयक जो कि संसद में लंबित है, उसे शीघ्र पारित कराने का भी आग्रह किया। मेसा कानून लागू होने से नगरीय क्षेत्रों में आरक्षण संबंधी नियम विधिवत् लागू हो पाएंगे, जिससे जनजातीय समुदाय को आरक्षण का वास्तविक लाभ मिल पाएगा।

पूर्वांचल के चार जिले जो कि पहले जनजातीय जिलों में शामिल थे, उन्हें पृथक जिला बनाने पर जनजातीय जिला घोषित नहीं किया गया था, इस संबंध में भी हुई प्रगति से उन्होंने राष्ट्रपति को अवगत कराया। राज्यपाल सुश्री उइके ने बताया कि छत्तीसगढ़ में जनजातियों की सूची में मात्रात्मक त्रुटि के कारण करीब 22 जनजातीय समुदायों को जाति प्रमाणपत्र मिलने में कठिनाई हो रही है एवं उन्हें उनके अधिकार नही मिल रहे हैं, इसका शीघ्र समाधान कराने का भी अनुरोध किया।

राज्यपाल ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू को पुनः धन्यवाद देते हुए कहा कि आपके राष्ट्रपति बनने से जनजातीय समुदाय में एक उम्मीद जगी है कि अब उनके अधिकारों और हितों का संरक्षण सशक्तता से होगा। राज्यपाल ने संवैधानिक अधिकारों के क्रियान्वयन संबंधी विषयों को भी प्रमुखता के साथ राष्ट्रपति के समक्ष रखा।

### आत्मनिर्भर भारत

# सशस्त्र बलों के लिए सॉफ्टवेयर से चलने वाले रेडियो का स्वदेशीकरण रक्षा मंत्रालय की उच्च प्राथमिकता

श्रीकंचनपथ न्यूज

नई दिल्ली (एजेंसी)। सॉफ्टवेयर से चलने वाले रेडियो (एसडीआर) के स्वदेशीकरण के लिए रक्षा मंत्रालय ने प्रक्रिया तेज कर दी है। अब देश का अग्रणी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर, सशस्त्र बलों द्वारा की जाने वाली इन रेडियो की मांगों को पूरा करेंगे। सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील एसडीआर तकनीक और उत्पादों के लिए समग्र उत्पाद जीवनचक्र प्रबंधन फ्रेमवर्क की जरूरत है।




इसके लिए स्वदेशी; डिज़ाइन, विकास, निर्माण, टेस्टिंग, प्रमाणन और प्रबंधन के परितंत्र की जरूरत होती है। एसडीआर तकनीकी के स्वदेशीकरण को उच्च प्राथमिकता देते हुए रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार ने कहा कि सुरक्षित रेडियो संचार की दिशा में 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए यह कोशिश महत्वहपूर्ण साबित होगी।

स्वदेशी एसडीआर तकनीकी के दो अहम तत्व- मानकीकृत 'ऑपरेटिंग सॉफ्टवेयर एनवॉयरनमेंट (ओई)' और एप्लीकेशन (जिन्हें वेवफॉर्म्स के नाम से भी जाना जाता है) हैं। इन एप्लीकेशन का वेवफॉर्म कोष और परीक्षण सुविधा केंद्रों से जुड़ा होना जरूरी है। मानकीकृत ओई होने से अलग-अलग विक्रेताओं के एसडीआर रेडियो में आपसी संचालन और 'वेवफॉर्म पोर्टबिलिटी' सुनिश्चित हो पाती है। इस दिशा में रक्षा मंत्रालय ने भारत आधारित ऑपरेटिंग इकोसिस्टम से संबंधित चीजों की व्याख्या करने वाले 'इंडिया सॉफ्टवेयर कम्यूनिकेशन आर्किटेक्चर (एससीए) प्रोफाइल या इंडियन रेडियो सॉफ्टवेयर आर्किटेक्चर को लाने का फैसला किया है। रक्षा मंत्रालय द्वारा बनाई गई एससीए समिति के अध्यक्ष और आईआईटी कानपुर के निदेशक डॉ. अभय करनाडिकर ने भारत एससीए प्रोफाइल का विचार सामने रखा था। डीईएएल/डीआरडीओ ने एसडीआर के स्वदेशी विकास के लिए रोडमैप और समय-सीमा दर्शाने वाली ड्रॉफ्ट प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाई थी। डीआरडीओ, अकादमिक व उद्योग जगत के साथ मिलकर, रक्षा मंत्रालय के तहत आने वाले 'रक्षा उत्पादन में मानकीकरण' के निदेशक (डीओएस) की निगरानी में आईआरएसए को विकसित किया जाएगा। इसके तहत तीन से छः महीने में परिभाषा जारी की जाएगी, जबकि अगले 18 महीने संदर्भ व्याख्याएं, परीक्षण और अनिवार्य प्रमाणन उपकरणों को बनाने में दिए जाएंगे। आईआरएसए की उपलब्धता से भारतीय सॉफ्टवेयर विक्रेताओं को एसडीआर उत्पादन, उन्हें आपसमें क्रियान्वयन युक्त बनाने के साथ-साथ सुरक्षा पैमानों के स्तर योग्य एसडीआर के निर्माण में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्रालय आईआरएसए को संसूचित करेगा और इसे औद्योगिक जगत के साथ साझा करेगा, ताकि भारतीय सुरक्षाबलों के उपयोग के लिए मानकीकृत एसडीआर का निर्माण हो पाए और मित्र देशों को इनका निर्यात किया जा सके।

विकास की इस प्रक्रिया में शामिल तीन संस्थान- डीईएएल/डीआरडीओ, आईआईटी-कानपुर और रक्षा मंत्रालय हैं, यह संस्थान डीपीआर के मुताबिक अपना काम शुरू कर चुके हैं। रक्षा सचिव डॉ. अजय पटेल ने सभी संस्थानों पर भरोसा जताया और कहा कि इससे अहम रक्षा उपकरणों के स्वदेशी निर्माण की दिशा में नए प्रतिमान स्थापित होंगे। अब तक इन उपकरणों को विदेश से ही आयात किया जाता रहा है। इससे 'आत्मनिर्भरता' की कोशिशों को बल मिलेगा और आयात का बजट कम होगा, साथ ही सशस्त्र बलों के लिए सुरक्षित रेडियो नेटवर्क का निर्माण भी हो पाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि एक निश्चित समयसीमा में इन सभी कोशिशों को पूरा किया जाएगा।

# उज्जवल भारत के तहत सुकमा-सुरजपुर में बिजली महोत्सजव का आयोजन




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर (पीआईबी)।** आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत- भारत की आजादी के 75 साल के उपलक्ष्य पर, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार एवं छ.ग. शासन, ऊर्जा विभाग के संयुक्त प्रयास से उज्वल भारत उज्वल भविष्य ऊर्जा 2047-बिजली महोत्सव कार्यक्रम का प्रदेशभर के हर जिलों में 30 जुलाई तक बिजली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है ।

इसी आयोजन के तहत प्रदेश के दो जिलों सुकमा एवं सुरजपुर में आज बिजली महोत्सव के तहत उजाला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिको को बिजली के क्षेत्र में किये गये कार्यों की उपलब्धी के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नुक्कड नाटक, चलचित्र, अडियो विडियों के माध्यम से विद्युत के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों जैसे- सौभाग्य योजना, दीनदायाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना , कुसुम योजना एवं उपभोक्ता के अधिकार सहित बिजली बिल हाफ योजना, मोर बिजली ऐप, मुख्यमंत्री शहरी विद्यतीकरण योजना मुख्यमंत्री मजराटोला योजना के उपलब्धी के बारे में जानकारी दी गई।

सुकमा जिले के कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में बोडडू राजा उपाध्यक्ष जिला पंचायत सुकमा, अध्यक्षता जगन्नाथ (राजू साहू) अध्यक्ष नगर पालिका परिसर सुकमा तथा सुरजपुर जिले के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिवभजन मरावी प्रतिनिधि अध्यक्ष जिला पंचायत सुरजपुर, अध्यक्षता नरेश राजवाडे उपाअध्यक्ष जिला पंचायत सुरजपुर उपस्थित हुए।

# जीवन शैली के बदलाव से हम अपने हृदय की सुरक्षा कर सकते हैं : डॉ. चंदन शुक्ला

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज कोरबा के द्वारा चेम्बर भवन में आयोजित विशाल नि:शुल्क हृदय सुरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें रायपुर के साओल हार्ट सेंटर से पधारे डॉ. चंदन शुक्ला ने इस सेमिनार को संबोधित किया।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज कोरबा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत से की गई। जिसमें चेम्बर भवन में शुगर व बी.पी. की नि:शुल्क जॉंच कराई गई। जिसमें लगभग 195 आमजनों की जॉंच की गई। इसके साथ ही डॉ. चंदन शुक्ला ने हृदय रोग के सम्बंध में जानकारी देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि हृदय रोग से हम कैसे बच सकते हैं। वर्तमान में हृदय रोग की समस्या भारत में सबसे ज्यादा है। यहाँ हर 10 सेकेण्ड में कोई न कोई हृदयघात के मामले सामने आते हैं। इससे बचाव बहुत जरूरी है। हम अपनी जीवनशैली में बदलाव कर इस समस्या से लोगों की जान बचा सकते हैं। जीवन में उम्र के साथ-साथ रक्त नलिकाओं में अवरोध की समस्या आने लगती है व बढ़ने लगती है। हम अपनी जीवनशैली व खानपान में कुछ बदलाव करते हुए हृदय रोग की समस्या को दूर रख सकते हैं। इसके साथ ही धूम्रपान, नॉन-वेज से कोलेस्ट्राल बढ़ता है। हमें अपने भोजन में एण्टी आक्सीडेंट की चीजें ज्यादा लेनी चाहिए। चर्बी सम्बंधी खाद्यपदार्थ को कम उपयोग करना चाहिए। इसके साथ ही सभी को स्वस्थ रखने के लिए योग या प्राणायाम के साथ-साथ पैदल चलना भी करना चाहिए। जिससे रक्त कोशिकाओं में रक्त संचार बढ़ता है। इसके साथ ही वर्तमान समय में मेडिकल साइंस ने जहाँ नये-नये आविष्कार किये हैं, जिससे हृदय रोगों से सम्बंधित समस्याओं की जटिलता को आसानी से समझा जा सकता है। वर्तमान समय में शरीर को बिना किसी नुकसान पहुंचाए भी इस समस्या के उपचार की सुविधाएं भी उपलब्ध होने लगी हैं।

जिला चेम्बर ऑफकॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज कोरबा के अध्यक्ष योगेश जैन के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स के द्वारा स्वास्थ्य संबंधित शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें व्यापारियों के द्वारा स्वास्थ्य से सम्बंधित जानकारियां हासिल की। इस अवसर पर चैम्बर के पदाधिकारी विनोद अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, नरेन्द्र अग्रवाल, जगदीश सोनी, राकेश अग्रवाल, शिवशंकर अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मुकेश गोयल, सत्येन्द्र पूरी व कृष्ण कुमार अग्रवाल, पवन अग्रवाल, गौरीशंकर गुप्ता, संजीव शर्मा, और व्यापारीगण उपस्थित थे।

# शासकीय नि: शुल्क ऑनलाईन कोचिंग नवप्रेरणा होगी प्रारंभ

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह के मार्गदर्शन में जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं हेतु नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। शासकीय नि:शुल्क कोचिंग संस्थान का उद्देश्य प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क कोचिंग प्रदान करना है, ताकि अधिक से अधिक प्रतिभागियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से रोजगार मुहैया कराया जा सके। प्रतिभावान विद्यार्थी पीछे न रह जाये विशेष तौर पर जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये तैयार करना इस कोचिंग संस्थान का मकसद होगा। संस्थान के द्वारा प्रोत्साहन, विकास, अभिप्रेरणा द्वारा शिक्षा का एक ऐसा वातावरण तैयार करना है, जिससे विद्यार्थियों का आकर्षण देश सेवा, प्रशासनिक सेवा एवं शासकीय सेवा की ओर बढ़ेगा।

इस नि:शुल्क कोचिंग संस्था द्वारा प्रतिभाशाली युवा विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता एवं व्यापम द्वारा परीक्षा में सम्मिलित होकर चयनित होना ही इसका मुख्य उद्देश्य है।

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

Rajesh Yadav 79870-71513, 97557-11120
Shubh Aqua
The Promise of 100% Pure Water
RO Water Purifier
Free Service RO All Brand
Spare Parts, Wholesale Rate, Sales & Service
KENT RO SALES & SERVICE
Shop No. - 03, Vinoba Nagar, Near, Surya Mall, Junwani Raod, Bhilai

MISCHIEF Men's Store
UPTO 70% OFF
Complete Multibrand Store
Mo.-7999112303
mischieforignals
Shop NO. 7A/5, Ekta Tower Dakshin, Gangotri, Supela, Bhilai (C.G.)

राजहंस राजस्थानी थाली
पार्सल सुविधा
स्वाद घर का.....
राजस्थानी पारंपरिक व्यंजनों की स्वाद का आनंद लें
घड़ी चौक के सामने, गौरी लॉज के नीचे, सुपेला, भिलाई
संतोष शर्मा : 9649604367 देवीलाल शर्मा : 9783391314 प्रतीक दवे : 9752525050

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# नशे में चाकू लेकर मारने दौड़ा तो पत्नी ने पति को मार डाला, फिर पुलिस को किया कॉल

**जांजगीर-चांपा** (ए) जांगजीर-चांपा में सोमवार देर शाम एक महिला ने अपने पति की धारदार हथियार से हत्या कर दी। पति शराब के नशे में घर में हंगामा और पत्नी से मारपीट कर रहा था। उसने मारने के लिए चाकू लेकर दौड़ाया तो पत्नी ने धारदार हथियार से वार कर दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। इस मारपीट में पत्नी भी घायल हुई है। पुलिस दोनों को लेकर अस्पताल पहुंची, जहां देर रात पति ने दम तोड़ दिया। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, घठोली चौक के पास रहने वाला विजय सूर्यवंशी (33) सोमवार सुबह शराब पीकर घर पहुंचा और उत्पात मचाने लगा। हंगामा होता देख किसी तरह आसपास के लोगों ने उसे समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद शाम को फिर विजय शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंच गया। घर पहुंचते ही उसने पत्नी फोटो बाई से विवाद और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान विजय चाकू लेकर पत्नी पर हमला करने दौड़ा। इस पर पत्नी फोटो बाई ने भी धारदार हथियार उठा लिया और विजय पर हमला कर दिया। इस हमले में विजय और फोटो बाई दोनों घायल हो गए। विजय को खून से लथपथ जमीन पर पड़ा देखा फोटो बाई ने डायल-112 पर कॉल किया और पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची और विजय और फोटो बाई को बीडीएम अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान विजय ने देर रात दम तोड़ दिया।

### पत्नी भी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

पत्नी फोटो बाई को भी गंभीर चोट होने के चलते अभी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद कर लिया है। वह बड़ी सी छेनी है। पुलिस फोटो बाई से पूछताछ का प्रयास कर रही है। दोनों के 2 बेटे और 2 बेटियां हैं। बताया जा रहा है कि विजय शराब पीने का आदी था। वह अक्सर ही शराब पीकर आता और पत्नी-बच्चों से विवाद कर मारपीट किया करता था। पुलिस विजय के शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम कराएगी।

# रेलवे में नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगे 2 लाख: ज्वाइनिंग लेटर भी दिया, डीआरएम दफ्तर पहुंचा तो पता चला कि आदेश ही फर्जी

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर युवक से दो लाख रुपए ठगी करने का मामला सामने आया है। युवक नियुक्ति आदेश लेकर जॉइन करने पहुंचा, तब पता चला कि लेटर फर्जी है। युवक की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। दरअसल, युवक बिना ने एग्जाम दिए ही रेलवे में नौकरी पाने के लिए दो लाख रुपए दे दिए थे। मामला सिविल लाइन थाने का है।

मुंगेली जिले के लोरमी क्षेत्र के ग्राम कुकुरहट्टा निवासी हिमांशु पांडेय (24) ने पुलिस को बताया कि दो साल पहले उनके जीजा प्रियांशु मिश्रा के माध्यम से उसकी पहचान शुभम विहार निवासी अभिषेक पांडेय से हुई थी। इस दौरान अभिषेक ने उसे रेलवे में ग्रुप डी की नौकरी लगाने का दावा किया। इसके लिए उससे दो लाख रुपए खर्च होने का झांसा दिया। साथ ही बताया कि बिना एग्जाम दिलाए उसे रेलवे में नौकरी मिल जाएगा।




### मार्कशीट के साथ दिया दो लाख रुपए

हिमांशु ने बताया कि वह नौकरी की लालच में आकर अभिषेक को दो लाख रुपए देने के लिए तैयार हो गया। 3 अक्टूबर 2021 को वह शुभम विहार स्थित अभिषेक के घर पहुंचा। इस दौरान अपनी मार्कशीट के साथ उसने अभिषेक को दो लाख रुपए दिया।

### ऑफिस पहुंचा तब पता चला फर्जी है लेटर

दो महीने बाद 21 जनवरी को अभिषेक ने हिमांशु को अपने घर बुलाया। इस दौरान उसने रेलवे का जॉइनिंग लेटर दिया और दो दिन बाद डीआरएम ऑफिस बुलाया। हिमांशु लेटर लेकर डीआरएम ऑफिस पहुंचा, लेकिन, वहां अभिषेक नहीं मिला। उसने तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर बाद में आने को कहा। इसके बाद बार-बार हिमांशु को टालता रहा। तंग आकर हिमांशु लेटर लेकर अचानक डीआरएम ऑफिस पहुंच गया। पूछताछ करने पर लेटर के फर्जी होने का पता चला। हिमांशु ने अभिषेक को फोन कर अपने रुपए वापस करने कहा, तब वह टालमटोल करने लगा। इसके बाद परेशान होकर उसने पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस ने अभिषेक के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

### सिविल लाइन पुलिस की दोहरी भूमिका

करीब दो माह पहले ऐसे ही नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने और फर्जी नियुक्ति आदेश लेकर पहुंचे युवक पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। इस केस में पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर 8 लाख रुपए देने वाले युवक को ही आरोपी बनाकर जेल भेज दिया। इसके साथ ही नौकरी लगाने के नाम पर फर्जी आदेश जारी करने वाले भाजपा पार्षद, आरक्षक और नगर निगम के कर्मचारी को भी आरोपी बनाकर जेल भेज दिया गया। लेकिन, रेलवे में नौकरी लगाने और फर्जी लेटर जारी करने के इस केस में पुलिस ने फर्जी लेटर लेकर जॉइन करने पहुंचे युवक को पीड़ित बता रही है। धोखाधड़ी के एक तरह के मामले में पुलिस की दोहरी भूमिका को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।

ठगी के लिए बना सीए

# रिटायर आरडीए अफसर से 89 लाख ठगने वाला गिरफ्तार, मुनाफे का देता था झांसा

**रायपुर (ए)।** फर्जी ट्रेडिंग कंपनी बनाकर लाखों का प्रॉफिट देने का झांसा देने वाले अंतरराज्यीय ठग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राजधानी के एक बुजुर्ग रिटायर अफसर से 89 लाख रुपए की ठगी हुई थी। आरोपी ने उन्हें पहले एक-दो बार दोगुना मुनाफा दिया। इसके बाद करोड़ों का मुनाफा देने का झांसा दिया। फिर रकम लेकर फरार हो गया। आरोपी को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से कई आधार और पेन कार्ड भी जब्त किए गए हैं।

इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि पोस्ट ऑफिस रोड बैरन बाजार में रहने वाले रायपुर विकास प्राधिकरण से रिटायर रविशंकर दीक्षित की पहचान उनकी परिचित महिला के माध्यम से दयानिधि पति से हुई। दयानिधि ने खुद को ट्रेडिंग कंपनी में काम करने वाला बताया। उसका दावा था कि बेहद कम समय में वो दोगुना मुनाफा दिलाता है। दयानिधि ने 2021 में जनवरी से फरवरी तक बुजुर्ग से 5 लाख रुपए लिए और कुछ ही हफ्तों में 2 लाख रुपए का मुनाफा देकर 7 लाख वापस किए। फिर बड़ा मुनाफा देने का वादा करके बुजुर्ग को बताया कि अभी बाजार में तेजी है।

ज्यादा रकम लगाएंगे तो ज्यादा मुनाफा मिलेगा। बुजुर्ग झांसे में आ गए और केवल 3 महीने में ही अलग-अलग किस्तों में 89 लाख रुपए दे दिए। कुछ समय तक जब कोई रकम वापस नहीं हुई तो बुजुर्ग ने दयानिधि से रकम वापस मांगी। कई बार मांगने के बाद आरोपी ने अलग-अलग तारीखों में अलग-अलग बैंकों के चेक दे दिए। चेक को जब बैंकों में लगाया गया तो सभी चेक बाउंस हो गए। इसके बाद बुजुर्ग को धोखाधड़ी का एहसास हुआ। उन्होंने इसकी एफआईआर कोतवाली थाने में दर्ज कराई थी।



### होटलों में रुकता, पुलिस से बचने मोबाइल में नहीं करता था बात

एडिशनल एसपी अभिषेक माहेश्वरी ने बताया कि लोगों को ठगने वाला दयानिधि काफी शातिर था। पुलिस से बचने के लिए वो कहीं भी स्थायी तौर पर नहीं रहता था। कोलकाता, ओडिशा और मुंबई में वो महंगे होटलों में रुकता था। पुलिस को चकमा देने के लिए मोबाइल का भी उपयोग नहीं करता था। जिससे उसकी लोकेशन का पता करना बेहद मुश्किल काम था। पुलिस को जब पता चला कि कोलकाता में रुका है। तो कई जगहों पर दबिश दी गई। पुलिस की टीम चार दिनों तक होटलों के रजिस्टर चेक करती रही। तब एक होटल में उसके होने की जानकारी मिली। वहां घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया ताकि वो फरार न हो सके। आरोपी कई जगहों पर खुद को सीए भी बताता था। ट्रेडिंग कंपनी का जानकार होने के साथ ही दावा करता था कि वो लाखों का मुनाफा कुछ दिनों करवा देगा। इसलिए लोग उसके झांसे में आ जाते थे।

### ओडिशा में जाकर किराए का मकान लिया

पुलिस टीम ने सबसे पहले उसके सभी दस्तावेजों की जांच की। चेक बाउंस होने के पहले ही आरोपी दयानिधि फरार हो गया था। पुलिस ने उसके मोबाइल नंबर की डिटेल निकाली। उसके संपर्कों का पता किया। जांच के दौरान उन सभी बैंक खातों की भी जानकारी ली गई, जिसमें रकम का ट्रांजेक्शन हुआ।

बैंक खातों से किन शहरों में रकम ट्रांसफर की गई, यह भी पता किया गया। पुलिस को चकमा देने के लिए वह अलग-अलग राज्यों में घूम रहा था। रायपुर से फरार होने के बाद वह ओडिशा के बालासोर में किराये के मकान में रह रहा। कुछ समय यहां रहने के बाद वह कोलकाता चला गया। जांच के दौरान ही पुलिस को पता चल गया कि वह कोलकाता में रह रहा है। टीम ने वहां डेरा डाल दिया।

### 6 करोड़ का फायदा होने का दिखाया फर्जी ई-मेल

बुजुर्ग को झांसे में रखने के लिए दयानिधि पति ने इंटरनेशनल कंपनी के नाम से फर्जी पेमेंट स्लिप और फर्जी ई-मेल भेजकर बुजुर्ग को बताया कि उसे 6 करोड़ का फायदा हुआ है। इसके बाद ही उसने बुजुर्ग से और रकम मांगी। उसने कहा कि जितना रकम लगाएंगे प्रॉफिट उतनी जल्दी बाहर आएगा। बुजुर्ग की यह रकम रिटायर होने के बाद मिली थी। बुजुर्ग की डूबी रकम वापस लाने के लिए आला अफसरों ने इस केस की जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया था।

### बस कर्मचारियों से कई महीनों में की वसूली

दयानिधि के खिलाफ नागपुर के थाना अंजनी में भी धोखाधड़ी का केस दर्ज है। वहां पर उसने नागपुर बस डिपो में काम करने वाले कर्मचारियों को तगड़ा मुनाफा देने का झांसा देकर 40 लाख रुपए की ठगी की थी। उसमें मुंबई में भी कुछ लोगों से लाखों की ठगी की थी। उसके पास से आधार और पेन कार्ड भी जब्त हुआ है।

# ट्रेन से शराब की तस्करी: नागपुर से लाकर दुर्ग में करते थे सप्लाई, 2 गिरफ्तार, 382 बोतलें जब्त

दुर्ग (ए)। दुर्ग रेलवे स्टेशन से जीआरपी ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वो लोग नागपुर (महाराष्ट्र) से शराब लाकर दुर्ग में सप्लाई करते थे। इससे पहले भी वो लोग ट्रेन के माध्यम से शराब की तस्करी कर चुके हैं।

जानकारी के मुताबिक जीआरपी के जवान मंगलवार को दुर्ग रेलवे स्टेशन में गश्त पर थे। माल धक्का पानी टंकी के पास उन्हें एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखा। जब उसे रोककर पूछताछ करने की कोशिश की गई तो वह भागने लगा। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम स्वप्निल रामभाऊ भडगरे (32) निवासी सिद्धार्थ वार्ड वरोरा जिला- चंद्रपुर (महाराष्ट्र) बताया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 2 नग नीले रंग का कार्टून मिला। कार्टून के अंदर से 180 एमएल क्षमता वाले 382 नग अंग्रेजी शराब की बोतलें मिली। जब्त की गई शराब की कीमत 84 हजार रुपए बताई जा रही है।



### आरोपी काफी समय से कर रहा था शराब की तस्करी

दुर्ग जीआरपी से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी काफी समय से शराब की तस्करी करता आ रहा है। वह नागपुर से आने वाली ट्रेन में अपने साथियों से शराब को रखवाता था और दुर्ग रेलवे स्टेशन में उतार लेता था। इसके बाद उसे दुर्ग में अपने साथियों के माध्यम से अलग-अलग जगह सप्लाई करवा देता था।

जीआरपी को शराब तस्करी की सूचना मुखबिर से मिली थी। मुखबिर के बताने पर ही जीआरपी ने आरोपी को गिरफ्तार किया। इस गैरकानूनी कार्य में और भी लोगों के शामिल होने की बात बताई जा रही है। जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# होटल हयात सेक्स रैकेट: महिला दलाल को पुलिस ने किया गिरफ्तार मध्यप्रदेश के दलाल विप्लव को भेजती थी लड़कियों की फोटो

**रायपुर (ए)।** होटल हयात के सेक्स रैकेट में एक महिला दलाल को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल की महिला मध्यप्रदेश के दलाल विप्लव को लड़कियों की फोटो भेजती थी। लड़कियों से उसका संपर्क भी यही महिला कराती थी। होटल में छापा पड़ने के समय वह वहां मौजूद नहीं थी। सोमवार की शाम को दिल्ली की फ्लाइट से भागने की फिराक में थी।

दिल्ली से वह नेपाल भाग जाती। पुलिस ने उसे एयरपोर्ट से पकड़ा है। इस मामले में 11 महिलाओं, दलाल विप्लव चौरडिया और पंकज गोयल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मंगलवार को गिरफ्तार महिला मूल रूप से नेपाल की रहने वाली है। वह लड़कियों को फ्लाइट से रायपुर लेकर आती थी।

वह लड़कियों के साथ रुकने के बजाय दूसरे होटल में रुकती थी। महिला दलाल से पूछताछ की जा रही है। अभी बसंत कुंज दिल्ली में रह रही थी। विप्लव के अलावा उसके संबंध देश के कई और राज्यों के पुरुष दलालों से हैं। रायपुर के अलावा वह दूसरे शहरों में भी लड़कियों की सप्लाई करती थी। बड़े शहरों की लड़कियां उससे संपर्क में रहती थीं। ज्यादा कमाई का लालच देकर वह लड़कियों को इस धंधे में लाती थी। महिला दलाल से 2 आई फोन और नगदी रकम भी जब्त की गई है। इधर दूसरी ओर सभी लड़कियों और दोनों दलालों की जमानत हो गई है। देह व्यापार में शामिल दलालों के मोबाइल नंबर भी खंगाले जा रहे हैं। साइबर की टीम को पता चला है कि दलालों के कनेक्शन कुछ रसूखदारों के साथ ही राजनीति में दखल रखने वाले लोगों के साथ भी थे। उनके संबंधों की भी जांच की जा रही है।


summer offer
on gogles flat 20% off
फ्री होम डिलेवरी
(निःशुल्क कम्प्यूटराईज नेत्र जांच)
BROTERS OPTICALS
You see We care
Pratap Singh, Mo. - 9589876064, 9589666143
Infront of Shubham Medical, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai, Email : brothersopticals1@gmail.com

Authorised For : SOMANY Wall & Floor Tiles | JOHNSON Not just tiles, Lifestyles. | orientbell tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey | AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### एसएमएस-2 में कर्म शिरोमणी पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-2 विभाग में कर्म षिरोमणी पुरस्कार वितरण समारोह मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-2) एस के घोषाल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विषेष अतिथियों के रूप में महाप्रबंधक (एसएमएस-2) सुधीर कुमार, महाप्रबंधक (एसएमएस-2) योगेश शास्त्री, महाप्रबंधक (एसएमएस-2)आर के श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (एसएमएस-2) एन श्रीकांत, महाप्रबंधक (एसएमएस-2) पी के मिश्रा, महाप्रबंधक (एसएमएस-2) डी एन केशरी, महाप्रबंधक (एसएमएस-2) राज कुमार कोमलापति, महाप्रबंधक (एसएमएस-2) गौरव सिंघल उपस्थित थे। माह जून 2022 के लिए एसएमएस-2 विभाग के श्रमवीरों शेषराव शेण्डे, मास्टर ऑपरेटर, सीसीएस ऑपरेशन क्रेन, रामावतार ठाकुर ओसीटी, एसबीएस ऑपरेशन, उधो प्रसाद बंछोर मास्टर ऑपरेटर, सीसीएस ऑपरेशन को कर्म शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-2) एस के घोषाल ने अपने उदबोधन में कहा कि इस्पात गलन षाला-2 के हमारे समस्त कर्मचारियों को सुरक्षित कार्यप्रणाली पर ध्यान देते हुए ही उत्पादन को जारी रखना है। हमारी पहली प्राथमिकता अपने कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिष्चित करना है।

### मुख्यमंत्री से स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के चेयरमेन वोरा ने की सौजन्य भेट

# दो वर्षो की उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड सौंपा, मुख्यमंत्री ने की सराहना

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन के चेयरमेन अरुण वोरा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सौजन्य भेंट की। वोरा ने कार्पोरेशन में दो साल के अध्यक्ष कार्यकाल के दौरान किये गए कार्यों और उपलब्धियों का ब्यौरा दिया। वोरा ने कार्पोरेशन के गोदामों में अनाज के सुरक्षित भंडारण की क्षमता बढ़ाने के साथ ही किये जा रहे आधुनिकीकरण की जानकारी दी।



वोरा ने मध्य भारत के पहले फूड टेस्टिंग लैब की स्थापना रायपुर में करने की बड़ी योजना की प्रक्रिया जारी रहने की जानकारी भी दी। मुख्यमंत्री ने दो साल का कार्यकाल पूरा होने पर वोरा को बधाई दी और कार्पोरेशन में किये गए कार्यों की सराहना की।

वोरा ने मुख्यमंत्री को दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों की रिपोर्ट सौंपते हुए मुख्यमंत्री को बताया कि 2020-21 और 2021-22 में कुल 2 लाख 15 हजार मीट्रिक टन और 3 लाख 88 हजार मीट्रिक टन भंडारण क्षमता बढ़ाने का निर्णय लेते हुए अलग अलग जिलों में गोदामों के निर्माण की स्वीकृति दी गई। गोदामों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। कार्पोरेशन द्वारा प्रदेश के 135 शाखाओं में कुल 23 लाख 57 हजार 488 मीट्रिक टन अनाज का सुरक्षित भंडारण किया जा रहा है। वोरा ने एक बड़ी उपलब्धि का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की प्रेरणा और मार्गदर्शन से रायपुर में अत्याधुनिक फूड टेस्टिंग लैब की स्थापना के लिए भूखंड का आवंटन कराया गया है। लैब स्थापना की प्रक्रिया चल रही है। लैब की स्थापना के बाद खाद्य पदार्थों की टेस्टिंग के लिए दूसरे प्रदेश में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे समय और पैसों की बचत होगी। वोरा ने दो वर्ष की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत सूरजपूर में ट्रसलेस गोडाऊन का निर्माण चल रहा है। एक और बड़ी उपलब्धि यह है कि प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए पीडीएस दुकान सह गोदाम निर्माण के लिए कार्पोरेशन को नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है। वोरा ने कहा कि राज्य के सभी गोदामों में नए धर्मकांटे स्थापित किये गए हैं। सभी धर्मकांटों को रियल टाइम करने साफ्टवेयर से जोड़ा जा रहा है। इलेक्ट्रानिक वेइंग मशीनों की स्थापना की गई है। रिपोर्ट में वोरा ने गोदामों में अनाज के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था के लिए आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने सहित अन्य कार्यों का विस्तार से जिक्र किया है।

### 34 प्रतिशत डीए एवं सातवे वेतन के एचआरए के लिए नारेबाजी

# तीसरे दिन भी निगम दफ्तरों में कामकाज पूरी तरह ठप



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर निगम ने तीसरे दिन भी कलम बंद काम बंद हड़ताल प्रदर्शन में निगम मुख्यालय में नारेबाजी कर अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया है, अधिकारियों कर्मचारियों ने अपने मौलिक अधिकार देय तिथि से 34त्न डी ए एवं सातवे वेतन पर एचआरए के लिए जबरदस्त नारेबाजी कर रोष प्रकट किया. सभी विभागों में ताला तीसरे दिन भी लगा रहा,स्वायत्ताहसी अध्यक्ष शिव शर्मा एवं महामंत्री अनिल सिंह ने कहा हड़ताल तब तक खत्म नहीं करेंगे, जब तक मौलिक अधिकार के लिए सरकार मान नहीं जाती है. स्वायत्ताहसी महामंत्री अनिल सिंह यह भी कहा कि 28 जुलाई को हरेली पर्व के दिन भी धरना प्रदर्शन में बैठकर अपनी मांगों के लिए लड़ाई लड़ेंगे।

कलम बन्द,काम बन्द हड़ताल के दौरान मौजूद सहायक अभियंता आर.के. जैन,आर.के .पालिया, सुरेश केवलवानी, गिरीश दीवान, दुर्गेश गुप्ता,विनोद मांझी, राजेन्द्र धबाले,मोहित मरकाम,मनोहर साहू, छगन लाल साहू,नारायण यादव,योगेश सूरे,ईश्वर वर्मा, भुवंदास साहू,राजू लाल चंद्राकार, शुभम गोइर,राजेन्द्र साहू,राजू बक्शी, राजेन्द्र मिश्रा,रवि मिश्रा, लव कुश शर्मा, शशिकांत यादव, सत्यनाराण शर्मा,चैत राम यादव, अनिल मन्हारे,खिलावन शर्मा, बद्रीभीम गज,निशांत यादव,विनीत वर्मा, श्रीमती हेमलता वर्मा,योगेंद्र वर्मा,सुरेश भारती,34त्न डीए एवं सातवे वेतन के एचआरए के लिए नारेबाजी कर किया।

# फिंगर प्रिंट स्कैन नहीं होने से परेशान थीं 83 साल की बुजुर्ग, कलेक्टर बोले आप निश्चित होकर घर जाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भिलाई की 83 वर्षीय बदरूनिशा अंत्योदय परिवार के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली खाद्यान्न सहायता योजना का लाभ ले रही थीं। वृद्धावस्था की वजह से उनकी उंगलियां घिस गईं। दुकान में थम्ब इम्प्रेशन देने गई तो दुकानदार ने कहा यह तो मैच नहीं हो रहा है।

बदरूनिशा परेशान हो गईं, फिर उनको मोहल्ले में किसी ने कलेक्टर जनदर्शन की जानकारी दी और बुजुर्ग को वहां अपना आवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा। बदरूनिशा बड़ी आशा के साथ धीमी चाल से आज कलेक्ट्रेट के सभागार कक्ष पहुंची। जनदर्शन में बुजुर्ग महिला को धीमे-धीमे आता देखकर कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने अमले से उन्हें सहारा देकर लाने और बिठाने के निर्देश दिए। फिर उनसे समस्या पूछी। कलेक्टर ने समस्या जानते ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि इनकी समस्या 24 घंटे के भीतर ठीक की जाए और इसकी सूचना दें। कलेक्टर ने बुजुर्ग महिला को कहा, आप आश्वस्त रहें, आपको अब इसके लिए किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। विभागीय अमला आपकी सारी समस्या दूर करेगा और आपको भविष्य में राशन लेने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। कलेक्टर ने जनदर्शन के दौरान निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस तरह के अन्य मामले भी बुजुर्गों के साथ आ सकते हैं ऐसे मामलों में स्थानीय स्तर पर ही लोगों की मदद हो जाए, इसके लिए मैकेनिज्म तैयार करें। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड से जुड़ी हुई समस्याएं सबसे अहम समस्याएं हैं क्योंकि यह फूड सिक्योरिटी से संबंधित मसला है और इस पर अविलंब कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके लिए यह जरूरी है कि नियमित रूप से वार्ड स्तर पर मॉनिटरिंग होती रहे कि लोगों को राशन मिलने में किसी तरह की दिक्कत ना हो। जैसे ही इस तरह के मामले सामने आए जिसमें तकनीकी दिक्कतों की वजह से समस्या हो रही है उनमें तुरंत ही पहल कर समस्या दूर करें। कलेक्टर ने कहा कि हमारा सबसे पहला फोकस यह होना चाहिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं प्राप्त करने के लिए बुजुर्गों को किसी तरह की दिक्कत न हो।

# विधायक अरूण वोरा ने विधानसभा में लगाया हमर लैब से जुड़े मुद्दे पर ध्यानाकर्षण, स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कम्प

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। विधानसभा में वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लगाने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।



वोरा ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में उल्लेखित किया है कि प्रदेश में बेहतर इलाज व्यवस्था के लिए रायपुर, दुर्ग, बालोद, बलौदाबाजार, कांकेर, कोंडागांव, बस्तर, सुकमा, बीजापुर, बलरामपुर और तीन स्वास्थ्य केंद्रों मानपुर, पाटन और पलारी में हमर लैब की स्थापना की गई है। लेकिन, दुर्ग में स्थापित लैब में मरीजों की 114 प्रकार की जांच नहीं हो रही है। वोरा ने कहा कि हमर लैब में 114 प्रकार की जांच की सुविधाएं निशुल्क होनी है। लेकिन, दुर्ग जिला अस्पताल में अभी केवल 75 प्रकार की जांच की जा रही है। शेष 39 प्रकार की जांच के लिए मरीजों को निजी लैब में जाकर जांच कराने पैसा खर्च करना पड़ रहा है। इन 39 प्रकार की जांच के लिए हार्मोन एनालाइजर मशीन, माईक्रोबायोलाजी टेस्टिंग मशीन और वेलोमीटर टेस्टिंग मशीन उपलब्ध न होने से हार्मोन की जांच, कैंसर की जांच और अन्य प्रकार की जांच नहीं हो पा रही है।

वोरा ने कहा कि इसके कारण अस्पताल में आने वाले मरीज और भर्ती मरीजों के परिजनों में नाराजगी है।

विधानसभा सत्र के दौरान वोरा के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लगाने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। हेल्थ विभाग के अफसरों ने वोरा के प्रस्ताव से संबंधित दुर्ग जिला अस्पताल में स्थापित किये गए हमर लैब से संबंधित पूरी जानकारी जिला स्वास्थ्य विभाग से मांगी है।

# गोवंश को सड़कों से सुव्यस्थित करने सोनी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सड़कों पर गौवंश की अधिकता के कारण दुर्घटना, गौवंश के उपचार तथा दुर्घटना से क्षतिग्रस्त हुए व्यक्ति को प्रशासन द्वारा मुआवजा राशि की मांग हेतु ज्ञातव्य है भिलाई नगर निगम के अंतर्गत वैशाली नगर विधानसभा में स्मृति नगर मुख्य मार्ग से रूंगटा कॉलेज रोड तक सुपेला चौक से गदा चौक तक तथा हर मुख्य मार्गो में बरसात के कारण गोवंश रोड पर आज आ रहा है जिसकी व्यवस्था गौठान में होनी चाहिए उसे रोड पर छोड़ दिया गया है गोवंश के रोड पर आने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं जो कि निम्नलिखित हैं, अगर गोवंश रोड रास्तों पर है तो गौठान



में कौन रह रहा है? अगर गोवंश रोड रास्तों पर है तो उनका चारा कौन खा रहा है? अगर गोवंश रोड रास्तों पर है तो उनके के उपचार में लगने वाली दवाइयां कौन लगवा रहा है? अगर गोवंश रोड रास्तों पर है तो गोठानो में गोबर कहां से आ रहा है? अगर गोवंश रोड पर है तो गौठानों में शासन द्वारा दिए गए पैसों का क्या उपयोग किया जा रहा है?

ऐसे कई सवाल खड़े हो रहे हैं हम यह मांग करते हैं, रोड रास्ते पर रहने वाले गोवंश को गोठान में जल्द से जल्द भेजा जाए, दुर्घटना में क्षतिग्रस्त गोवंश को शासन द्वारा उचित उपचार की व्यवस्था की जाए, गोवंश के रोड रास्तों पर होने के कारण दुर्घटना में क्षतिग्रस्त व्यक्ति के इलाज का खर्चा शासन द्वारा किया जाना,गोवंश के लिए इलाज की व्यवस्था की जानी चाहिए, गोठान में गोवंश के लिए चारा पानी की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। यह मांग करते हैं की 7 दिनों के भीतर यह मांगों को पूरा किया जाना चाहिए अन्यथा हम उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

### दुलकी माइन्स में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत विविध प्रतियोगिता का आयोजन

**भिलाई।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार खान सुरक्षा महानिदेशालय बिलासपुर क्षेत्र एवं स्टील अथारिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड भिलाई इस्पात संयंत्र, इस्पात मंत्रालय के तत्वाधान में भारत के आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यपालक निदेशक (खदान) श्री तपन सूत्रधार के मार्गदर्शन में दिनांक 18 जुलाई 2022 को भारत के स्वतंत्रता आंदोलन एवं स्वतंत्रता सेनानियों पर निबंध, चित्रकला, कविता एवं क्विज की प्रतियोगिता तथा लघु फिल्म का प्रदर्शन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, ग्राम कमकासुर, विकासखंड मानपुर, जिला राजनांदगांव में किया गया। यह प्रतियोगिता समूह द्वारा आयोजित की गयी थी।






### शहर की सुंदरता पर दाग लगाने वालों पर लगेगा जुर्माना

# कलेक्टर मीणा ने विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों का आज कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। शहर के प्रमुख चौक नेहरू नगर में उन्होंने यात्री प्रतीक्षालय एवं आधुनिक शौचालय में सफाई व्यवस्था देखी। नेहरू नगर चौक व समीपस्थ चौराहों में उन्होंने सौंदर्यीकरण को लेकर दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मीणा ने निर्देश दिए कि ऐसे प्रमुख चौक चौराहों के सौंदर्यीकरण की कार्य योजना तैयार करे। प्रत्येक जोन क्षेत्र के जोन आयुक्त स्वयं मानिटरिंग कर कार्य योजना बनाएं।



उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने भिलाई के कई क्षेत्र के सड़कों का सौंदर्यीकरण की स्वीकृति भी प्रदान की है, शीघ्र इस पर भी काम होना है, भिलाई शहर के लिए यह एक बड़ी कार्य योजना होगी। निरीक्षण के दौरान अवैध व बेतरतीब पोस्टर एवं प्रचार सामग्री को कलेक्टर ने शासकीय संपत्ति से हटाने के निर्देश दिए। वही कलेक्टर ने नेहरू नगर चौक के समीपस्थ होटल, पान ठेला एवं अन्य दुकानों के व्यापारियों को अपने परिसर में सफाई बनाए रखने कहा। उन्होंने कहा कि अपने दुकान के सामने एवं आसपास की सफाई रखे, दुकान एवं होटल इत्यादि से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में ही डालें और स्वच्छता कर्मचारी को देवे। आगे उन्होंने सूर्या मॉल चौक से जुनवानी जाने वाले सड़क का निरीक्षण किया। सूर्या मॉल चौक के समीप लगे दुकानों के आसपास के सफाई व्यवस्था का उन्होंने जायजा लिया। कुछ दुकानदारों द्वारा दुकान से निकलने वाले कचरे को नाली में डाला जा रहा था, जिस पर उन्होंने कचरा डालने वालों पर जुर्माना लगाने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए, वहीं कुछ स्थानों पर दुकानों से निकलने वाले कचरे भारी मात्रा में नाली में मिले, कलेक्टर श्री मीणा ने कहा कि कचरा फैलाने के प्रकार के मुताबिक जुर्माना की कार्रवाई तय करें। शहर की सुंदरता पर दाग लगाने वालों पर प्रतिदिन जुर्माना लगाएं। इधर शराब दुकान के सामने भी कचरा मिला, शराब दुकान के सुपरवाइजर पर कलेक्टर ने सफाई नहीं रखने को लेकर नाराजगी जाहिर की और तत्काल सफाई करवाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जुनवानी चौक से लेकर शंकराचार्य जाने वाले रास्ते पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया, सुबह के अलावा सायं को लगने वाली दुकानों के बारे में उन्होंने जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त मनीष गायकवाड, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, पार्षद मुकेश अग्रवाल एवं हरिओम तिवारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना आदि मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950